RNI NO. CHHHIN/2022/83778

# न्यूज रूटीन

मासिक, बलौदाबाजार से प्रकाशित

वर्ष : 02 अंक : 09 मासिक, बलौदाबाजार, सितम्बर 2023 E-mail: newsroutine6@gmail.com पृष्ठ : 16 मूल्य : 15 रू.

## 18 सितंबर के बाद आएगी कांग्रेस की पहली लिस्ट



रायपुर। मुख्यमंत्री निवास में शुक्रवार देर रात तक चली कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के नामों को लेकर अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। नामों को लेकर सहमति नहीं बन पाई। दिल्ली की सर्वे रिपोर्ट के बाद प्रत्याशियों के चयन में बदलाव किए जा सकते हैं। इसलिए केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक तक अंतिम सूची के लिए अभी इंतजार करना होगा।

बैठक में कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय माकन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और सदस्य एल हनुमंथैया और नेटा डिसूजा मौजूद रहे।

स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में नामों को लेकर लंबी चर्चा हुई है। जिसमें फिर से पैनल तैयार किए गए हैं और कुछ नामों को जोड़ा भी गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन भी दिल्ली से सभी विधानसभाओं में दो नामों की सूची लेकर बैठक में पहुंचे थे।

यहां छानबीन समिति की रिपोर्ट और ब्लॉक स्तर के पैनल पर भी काफी चर्चा हुई। जिसके बाद अब कहा जा रहा है कि 12 सितम्बर को केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। हालांकि सूत्रों का ये भी कहना है कि पहली लिस्ट के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। 18 सितम्बर के बाद ही पहली लिस्ट जारी हो पाएगी।

## छत्तीसगढ़ में सेतुबंध आसन में बना वर्ल्ड रिकार्ड

### राजधानी में 2000 से अधिक योग साधकों ने किया सेतुबंध आसन का प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने सेतुबंध आसन के प्रदर्शन के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आज प्रदेशभर से आए 2000 से अधिक योगाभ्यासियों ने तिरंगे रंग का प्रतिरूप बनाते हुए एक साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस उपलब्धि पर शुभकामना संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ जब तक करेगा योग, तब तक रहेगा निरोग। उन्होंने कहा कि सेतुबंध आसन मन और शरीर को ब्रिज की तरह जोड़ता है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने रिकार्ड बनने की घोषणा करते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। श्री ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोगों के स्वास्थ को प्राथमिकता में रखते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को महती जिम्मेदारी सौंपी। इसे पूरा करते हुए आयोग द्वारा प्रदेश में लगभग 50 नियमित नि:शुल्क योगाभ्यास केन्द्र शुरू किये गए हैं। सभी संभागों के योगसाधकों में प्रशिक्षण देकर गांव-गांव तक योग का प्रचार किया जा रहा है।

## दूसरे राज्य से छत्तीसगढ़ आने वाले वाहनों को नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त करना अनिवार्य

### वाहन पोर्टल द्वारा भौतिक सत्यापन कराकर 20 सितंबर तक प्राप्त करें नवीन पंजीयन चिन्ह

**रायपुर।** देशभर से यहां राज्य में आने वाले वाहनों के पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करते समय छत्तीसगढ़ के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह प्राप्त करने संबंधी प्रक्रिया को वाहन पोर्टल में अनिवार्य किया गया है।

अन्य राज्य से एनओसी लेकर आये ऐसे वाहनों, जिसका पूर्व में छत्तीसगढ़ के किसी भी परिवहन कार्यालय में पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करा लिये है किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त नहीं किये है। ऐसे समस्त वाहन स्वामी छत्तीसगढ़ राज्य हेतु नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त करने के लिए वाहन पोर्टल के माध्यम से विहित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान कर आवश्यक दस्तावेज सहित वाहन का भौतिक सत्यापन कराते हुये 20 सितम्बर 2023 तक संबंधित परिवहन कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि प्रस्तुत आवेदन पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जा सके। अन्यथा ऐसे वाहनों पर मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

एनआईसी द्वारा विकसित वाहन पोर्टल के माध्यम से राज्य में वाहन संबंधी समस्त कार्य संपादित किये जा रहे है।

जिसके तहत अन्य राज्य के वाहनों को पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करने के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह जारी हो रहे हैं। किन्तु राज्य में वाहन पोर्टल लागू होने के पहले अन्य राज्य से आने वाली वाहनों का केवल पता परिवर्तन की सूचना दर्ज है, जिसमें से विभिन्न वाहनों का छत्तीसगढ राज्य के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह प्राप्त नहीं हुआ है।

परिवहन मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य राज्य के ऐसे वाहन जिनका पता परिवर्तन की सूचना पूर्व में छत्तीसगढ़ के किसी परिवहन कार्यालय द्वारा दर्ज कर लिया गया है किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन पंजीयन चिन्ह समनुदेशित नहीं किया गया है, ऐसे वाहनों का केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 54 तथा छत्तीसगढ़ मोटर यान नियम, 1994 के नियम 55 अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह समनुदेशित करने की कार्यवाही किया जाना है।

## बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोपियों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

### सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया है। बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सामान्य प्रशासन द्वारा सभी विभागों, राजस्व मण्डल के अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु ऐसे अभ्यर्थी, जिनके विरूद्ध बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि से संबंधित नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध जो कि भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354, 376, 376क, 376ख, 376ग, 376घ, 509, 493, 496 एवं 498 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हों, उन्हें शासकीय सेवाओं एवं पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकरण के अंतिम निर्णय होने तक प्रतिबंधित किया जाये। राज्य सरकार द्वारा निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया है।

## अब ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड एवं यूपीआई के माध्यम से जमा करा सकतें अपना टैक्स

**बलौदाबाजार।** कर संग्रहण की रिपोर्टिंग एवं निगरानी में ईजी ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने हेतु पंचायतों के राजस्व संग्रहण प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष जिलें के सभी 644 ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड स्कैनर लगाया जा रहा है। इससे ग्रामीण बड़े आसानी से अपना ग्राम पंचायतों से संबंधित टैक्स जमा कर सकते है। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि इससे ग्राम पंचायतों में ओएसआर का संग्रहण, युपीआई आधारित भुगतान प्रणाली, पारदर्शिता एवं सुशासन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील करतें हुए कहा कि ग्रामीण अनिवार्य रूप से अपना टैक्स जमा करें जिससे विकास की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन करने में सहायता मिलती है।

# स्वास्थ्य विभाग बीपीएम द्वारा महिला कर्मचारी छेड़छाड़

## संगठन ने की बीपीएम के सेवा समाप्ति और बिलाईगढ़ सीएमओ पर कार्यवाही की मांग

**बलौदाबाजार।** ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ द्वारा महिला कर्मचारी के साथ कार्यस्थल में छेड़छाड़ करने विरुद्ध पुलिस एफ आई आर दर्ज कराते हुए बीपीएम के पद से सेवा समाप्ति करने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने की मांग।

ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक थानेश्वर पटेल अपनी नियुक्ति दिनांक से ही विवादित रहा है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में रहकर इसके द्वारा वित्तीय अनियमितता करने तथा कर्मचारियों के साथ व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण उसका स्थानांतरण पलारी किया गया। पलारी में भी अवैध राशि वसूली एवं योजनाओं में विविध अनियमितता करने की वजह से बिलाईगढ़ पदस्थ किया गया, यहां भी खंड चिकित्सा कर्मचारी के सरपरस्ती में भ्रष्टाचार करने के साथ-साथ महिला कर्मियों से दुर्व्यवहार किया जा रहा है दिनांक 25/4/22 को महिला कर्मी के साथ कार्य दिवस में संस्था में जाकर छेड़छाड़ किया गया,जिसे संगठन ने गंभीरता से लेते हुए दिनांक 28/04/2022 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ संगठन के प्रतिनिधि मंडल की चर्चा हुई। संगठन ने डॉ एस.के. खूंटे खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ को पद से हटाने एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक थानेश्वर पटेल की सेवा समाप्ति की मांग की गई,जिसे सीएमएचओ द्वारा मान्य करते हुए तत्काल कलेक्टर से चर्चा की गई, जिसमें कलेक्टर द्वारा दोषी बीपीएम को तत्काल हटाने के आदेश प्रसारित कराया गया एवं दोषी बीपीएम की सेवा समाप्ति हेतु सीएमएचओ द्वारा मिशन संचालक को पत्र अग्रेषित किया गया तथा दोषी को सहयोग देने वाले खंड चिकित्सा अधिकारी को हटाने हेतु सीएमएचओ द्वारा 4 मई तक हटाने का संगठन को आश्वासन दिया गया ।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन के कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र तिवारी से चर्चा के दौरान स्पष्ट किया गया कि यदि खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ को 5 मई तक नहीं हटाया गया तो संगठन सीएमएचओ कार्यालय का घेराव करने के साथ-साथ जिला स्तर पर समस्त स्वास्थ्य केंद्र में काम बंद आंदोलन करने लिखित पत्र प्रेषित किया गया।

आज की चर्चा में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन के कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष रविंद्र तिवारी के नेतृत्व में बिलासपुर संभागीय अध्यक्ष विकास यादव, बिलासपुर संभाग सचिव आकाश पटेल, सीएचओ प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार, सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष कुबेर साहू, जिला संयोजक सीएचओ प्रकोष्ठ गौतम साहू,नैना नवीन ब्लॉक अध्यक्ष सीएचओ प्रकोष्ठ,दीपिका साहू सचिव सीएचओ प्रकोष्ठ, अभिषेक वर्मा, अनसुइया साहू एवं जिले के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# अवैध सोनोग्राफी सेंटर रूपरेला डायग्नोस्टिक सिमगा सील



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार शिकायतों के बीच सिमगा नगर स्थित रूपरेला डायग्नोस्टिक सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिस दौरान सेंटर में बिना पीसीपीएनडीटी पंजीयन के सोनोग्राफी करतें हुए पाया गया। जो कि पीसीपीएनडीटी एक्ट का घोर उल्लंघन है। उल्लंघन करनें पर रूपरेला डायग्नोस्टिक सिमगा सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग सिमगा द्वारा इसकी पुष्टी किये जाने उपरांत, निरीक्षण के दौरान सेंटर में कार्यरत कर्मचारी द्वारा जानकारी दी गई कि प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं गुरुवार को सोनोग्राफी की जाती है तथा रजिस्टर में दिनांक 25 मई 2023 से सोनोग्राफी करने संबंधी जानकारी दर्ज है। सोनोग्राफी मशीन को बिना विभागीय अनुमति के इस जिले में लाया गया। जिला सलाहकार समिति की बैठक 26 जुलाई 2023 को उक्त प्रकरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें समिति द्वारा सील बंद करने की अनुशंसा की गई, जिसके उपरांत जिलाधीश महोदय के अनुमोदन उपरांत दिनांक 06 सितंबर 2023 को सोनोग्राफी मशीन का निरीक्षण समिति द्वारा पंचनामा कर सील बंद की कार्यवाही की गई।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवं विधायक शिवरतन शर्मा ने राम सप्ताह जुलूस में श्रद्धालुओं का किया अभिनन्दन

**भाटापारा।** 85वें वर्ष आयोजित श्री अखंड राम नाम सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया। इसके समापन पर जुलूस निकाला गया। अध्यक्ष भाजपा अरुण साव,उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक शिवरतन शर्मा ने ऐतिहासिक समापन जुलूस में बड़ी संख्या में पधारे कीर्तन मंडलियों व श्रद्धालुओं का अभिनन्दन कर,,रथ में विराजमान प्रभु श्री राम जी की पूजा अर्चना कर सभी की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया..

साथ ही अरुण साव ने मंजीरा एवं शिवरतन शर्मा ने मांदर बजा कर टोलियों के साथ राम धुनि में सहभागिता दी..

इस भव्य शोभायात्रा में ग्रामीण अंचल के अलावा अन्य जिलों की भजन मंडली संकीर्तन करने पहुंची जिसकी संख्या 100 से 120 के आसपास रही। रामधुन के भजन से पूरा नगर गुंजायमान हो गया है। शुक्रवार 8 सितंबर को श्री अंखड रामनाम सप्ताह के समापन अवसर पर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा श्री अंखड राम नाम सप्ताह मंडप से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग हटरीबाजार सदर बाजार, भट्टर साइकिल स्टोर्स होते महासती मार्ग, बस स्टैण्ड, मंडी चौक होते फोवारा चौक से स्टेशन मार्ग होते हुए, देर रात श्री अंखड रामनाम सप्ताह मंडप में विराम हुई।



उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, अश्वनी शर्मा, मोहन बांधे, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, महाबल बघेल, मनिदर सिंह गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, राजा कामनानी, नंदकिशोर अग्रवाल, व्यास यदु, सुरेश यदु, डब्लू ठाकुर, धनीराम साहू, पवन वर्मा, रोशन साहू, रामु साहू, परस देवांगन, सतीश सोनी, रोहित साहू, पुरुषोत्तम यदु, राजेश छाबड़िया, गोवर्धन डहरिया, उमाशंकर वर्मा,प्यारे रजक, सुरेश मिश्रा, कल्लू सचदेव, किसु सचदेव, संजय शुक्ला, देवेन्द्र साहू, लुकु साहू, खुमान वर्मा,सुरेश वर्मा, आशिष टोडर, सतीश साहू, पीयूष साहू, दरवेस हबलानी, शुभम राजपूत, भरत डहरिया, अजित निषाद, काके थद्वानी, राहुल दीक्षित, रवि वर्मा, सोमेश वर्मा, धन्नू यादव, चेतन वर्मा, नीरा साहू, आयशा खान, मधु सोनी, ऋतु यदु, चन्द्रकला साय, मुकेश पटेल, राजू पटेल, रवि आडिल, प्रमोद निषाद, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे..

# कलेक्टर ने बघमरा और भोथली में मतदान केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

### वरिष्ठ मतदाता किसुन लाल और अग्रहीज को साल और श्रीफल देकर किया सम्मानित

**बालोद।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा और भोथली में मतदान केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम के वरिष्ठ मतदाता श्री किसून लाल और श्री अग्रहिक साहू को साल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें अपने मतदान का प्रयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ को नवीन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फार्म 06 और मृत व्यक्तियों के नाम काटने हेतु फार्म 07 तथा कुल आए आवेदनों की जानकारी ली तथा फॉर्म को बीएलओ एप्प में एंट्री करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करे तथा इसके लिए गांव में मुनादी भी करवाए। उन्होंने ऐसे मतदाता जिन्होंने पिछले वर्ष मतदान नही कर पाए एवं जो मतदाता गांव से बाहर रहते है। उनके परिवारजनों द्वारा सूचना देकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 में दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 11 सितम्बर 2023 तक किया गया है। अब निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने सहित मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन इत्यादि संशोधन का कार्य उक्त तिथि तक किया जाएगा। उन्होंने निर्धारित तिथि से पूर्व तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने आदि से संबंधित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री शर्मा ने ग्राम बघमारा के मतदान केंद्र क्रमांक 42, 43 तथा ग्राम भोथली में मतदान केंद्र क्रमांक 45 का निरीक्षण किया और वहां पेयजल, छाया, रैंप आदि मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

**बालोद।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत उन्होंने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नारगी में नाली निर्माण, ग्राम बर्रापारा संजारी में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम आलीवारा में मुक्तिधाम, संबलपुर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु आश्वासन भी दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने ग्रामीणों एवं आम जनता के मांग के अनुरूप डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को समृद्ध बनाने हेतु हर तरह से जरूरी उपाय सुनिश्चित कर रही है। हमारी सरकार ने किसानों का कर्ज माफ कर किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने एवं उन्हें समृद्ध बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने लगातार धान की समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी कर अन्नदाताओं के मेहनत को सम्मान करने का कार्य किया है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने गांव में आदर्श गौठान का निर्माण कर गौ संरक्षण की दिशा में अविस्मरणीय कार्य किया है। इसके अलावा हमारी सरकार ने वनोपज व दलहन तिलहन का भी समर्थन मूल्य तय कर किसानों को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तो छत्तीसगढ़ की समृद्धि बढ़ेगी इस भावना को आत्मसात कर राज्य सरकार के द्वारा हमारे मेहतनकश किसानों को हर तरह से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं का विशेष व्रत पर्व कमरछठ है फिर भी हमारी महिला बहने बड़ी संख्या में हमें आशीर्वाद देने यहाँ उपस्थित हुई हैं। उन्होंने कमरछठ पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए ग्रामीणों के मंगलमय एवं खुशहाल जीवन की कामना की। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकासमंत्री ने राणाखुज्जी में बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में कमरछठ पूजा कर रही महिलाओं के बीच पहुंचकर सगुरी मैया व भगवान गौरीशंकर को श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि अनिल लोढा, गोपाल प्रजापति, जनपद सदस्य माधव गिरी गोस्वामी, सरपंच रोहणी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने स्कूल जतन योजना अंतर्गत बालोद जिले के 541 स्कूलों का जीर्णोद्धार के पश्चात् किया लोकार्पण

## वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर, डीईओ एवं अन्य अधिकारी




**बालोद।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के नव नियुक्त 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपने के साथ ही जीर्णोद्धार के पश्चात् प्रदेश के 7688 स्कूलों का लोकार्पण भी किया। इस दौरान श्री बघेल ने बालोद जिले के मरम्मत के पश्चात् सुसज्जित किए गए 541 स्कूलों का लोकार्पण भी किया। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मुकुंद साव एवं अन्य अधिकारियों ने सयुंक्त जिला कार्यालय बालोद के एनआईसी कक्ष में उपस्थित रहकर कार्यक्रम में अपनी वर्चुअली भागीदारी सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत जिले के स्कूलों मरम्मत कर नए स्वरूप में सुसज्जित किया गया।

जिले के इन सभी स्कूलों को लगभग 63 लाख रुपये की लागत राशि के गोबर पेंट से पोताई भी कराया गया है।

# कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार

**दो कनिष्ठ अभियंताओं को शोकाज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

**मुंगेल।** कलेक्टर राहुल देव ने जिले में लगातार अघोषित बिजली कटौती की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और निर्बाध एवं सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जनदर्शन और कॉल सेंटर में विद्युत से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों से कहा कि कहीं भी विद्युत कटौती से शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल वहां कर्मचारियों को भेजकर निराकरण कराएं। उन्होने ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में तत्काल बदलने और नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के दो



कनिष्ठ अभियंताओं को कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता और कॉल सेंटर में लंबित प्रकरणों को गंभीरता से नहीं लेने पर शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिकायत लेकर लोग जनदर्शन में अपनी आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। विभागीय अधिकारी इसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए कार्य करें। जिले से नागरिकों को विद्युत से संबंधित समस्या नहीं होना चाहिए। उन्होने बिजली बिल हाफ योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में भी जानकारी ली और अधिक से अधिक योजना के लाभ दिलाने की बात कहीं। कलेक्टर ने लम्बे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की सूची बनाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ



**जिले के सभी विकासखण्डों के कुल 1,810 खिलाड़ी होंगे प्रतियोगिता में शामिल, खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में किया अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन**

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आज जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा ने आज प्रतिभागियों एवं निर्णायकों को शपथ दिलाकर तथा प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा कर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती शारदा सिन्हा, गिरधर सिन्हा, राकेश उइके सहित जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राची ठाकुर, उपसंचालक पंचायत श्री आकाश सोनी के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागी खिलाड़ी एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 04 एवं 05 सितंबर को आयोजित इस जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में जिले के सभी विकासखण्डों से कुल 1,810 प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल हुए हैं। जिला स्तरीय आयोजन के पहले दिन प्रतिभागी खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ सरकार के नेक नियत एवं छत्तीसगढ़िया सोच के फलस्वरूप आज छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से राज्य में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, रीति-रिवाज, खान-पान, बोली-भाषा के साथ-साथ छत्तीसगढ़िया खेल को भी संरक्षण एवं संवर्धन करने के अलावा इसे देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में समाज के प्रत्येक आयु वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 16 प्रकार के खेलों को शामिल किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि बालोद जिले के प्रतिभागी पिछले वर्ष की भाँति अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

## संपादकीय

# चले सूर्य की ओर

इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक बार फिर ढेरों बधाइयां और प्रथम सौर मिशन की अंतिम सफलता की शुभकामनाएं। 'चंद्रयान-3' की अनुपम सफलता के बाद इसरो ने 'आदित्य एल-1' मिशन का प्रक्षेपण किया है। फिलहाल यान पृथ्वी की कक्षा में घूम रहा है। इस मिशन के बाद अक्तूबर में 'गगनयान' का सफरनामा शुरू किया जाएगा। शुक्र पर जाने का भी लक्ष्य तय है। सूर्य के अध्ययन के लिए सैटेलाइट भेजने वाला भारत दुनिया का तीसरा देश है। अमरीका के नासा और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के बाद मिशन इसरो ने भेजा है। कभी इस दिन, इन लम्हों और ऐसी उपलब्धियों की कल्पना भी की थी? सूर्य तो हम भारतीयों के लिए भगवान स्वरूपा देव हैं। हम सूर्य की उपासना करते हैं और मंत्रोच्चारण के साथ आस्था व्यक्त करते हैं। हमने ऐसी मिथकीय कहानियां भी पढ़ी हैं कि बाल हनुमान ने सूर्य को गोल-गोल फल समझ कर अपने मुंह में हड़प लिया था। यकीनन सृष्टि गहरे अंधकार में डूब गई होगी और हाहाकार मचने लगा होगा! उन आस्थाओं और कथाओं का आज भी सम्मान है, लिहाजा किसी भी अंतरिक्ष मिशन के प्रक्षेपण से पहले इसरो अध्यक्ष एवं अन्य वैज्ञानिक अपनी आस्था जताने मंदिरों तक जाते हैं। कल्पना यह भी करनी चाहिए कि मानवता और प्रौद्योगिकी ने कितनी ऊंची छलांग लगाई है कि सूर्य तक अंतरिक्ष यान भेजना और उसका सूक्ष्म अध्ययन करना तक संभव हो गया है। कोई भी मिशन सूर्य की सतह तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि सूर्य का तापमान 6000 डिग्री सेल्सियस बताया जाता है। सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की परिधि में आने वाली कोई भी वस्तु भस्म हो जाएगी, लिहाजा हमारे वैज्ञानिकों ने लैगरेंज प्वाइंट-1 को चुना है। ऐसे 5 प्वाइंट हैं, लेकिन एल-1 ऐसी जगह है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल स्थिर होता है।

यानी 'आदित्य मिशन' एल-1 पर स्थिर रहकर अपनी जांच और सचित्र अध्ययन को अंजाम दे सकता है। यान पर 7 पेलोड हैं, जो तमाम सूचनाएं, संकेत और चित्र धरती पर इसरो तक पहुंचा सकते हैं। पृथ्वी से सूर्य की कुल दूरी करीब 1.5 करोड़ किलोमीटर है। इसरो का मिशन फिलहाल 1.5 लाख किलोमीटर का सफर तय करेगा। इसमें भी 125-127 दिन का वक्त लगेगा। अर्थात प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितीय गणना के बल पर 'आदित्य' चार माह से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहेगा और अंततः होलो ऑर्बिट तक पहुंचेगा। दरअसल सूर्य का गहन, सूक्ष्म अध्ययन इसलिए जरूरी है, क्योंकि पृथ्वी पर मानवीय जीवन उसी की बदौलत है।

# समय की मांग हैं एक साथ चुनाव



**विवेक देवराय/ आदित्य सिन्हा**

इन दिनों एक देश-एक चुनाव का मुद्दा चर्चा में है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में इस पर मंथन के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर दी है। एक साथ चुनाव से आशय लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने से है। चुनाव प्रक्रिया को सुसंगत बनाना भी इसका उद्देश्य है। इसका अर्थ यह नहीं कि पूरे देश में सभी लोकसभा और विधानसभा सीटों के लिए एक ही दिन में चुनाव करा लिए जाएं। इसके बजाय चुनाव प्रक्रिया विभिन्न चरणों में संपादित कराई जा सकती है, ताकि निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता एक ही दिन में लोकसभा और विधानसभा के लिए मतदान कर सकें।

स्वतंत्रता के बाद देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ संपन्न होते रहे। यह क्रम 1967 में टूट गया। उसके बाद से इसकी फिर से संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इसी सिलसिले में विधि आयोग की 1999 में आई 'चुनाव कानूनों पर सुधार' रपट उल्लेखनीय है। उसके अनुसार एक साथ चुनावों का क्रम टूटने का मुख्य कारण अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग और विधानसभाओं का भंग होना रहा। हालांकि अब 356 के उपयोग के आसार बहुत सीमित हो गए हैं। इसलिए अलग-अलग कराए जाने के बजाय लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार कराया जाना आदर्श होगा।

कई समितियों ने एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन किया है। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय मामलों से जुड़ी संसद की स्थायी समिति ने 17 दिसंबर, 2015 को राज्यसभा में प्रस्तुत एक रिपोर्ट में सुझाया था कि सभी दलों को एक साथ चुनाव पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। विशेष रूप से आर्थिक विकास की गति को देखते हुए यह बहुत आवश्यक है, क्योंकि बार-बार चुनाव के चलते लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता के कारण कई परियोजनाओं का काम अटक जाता है। नीति आयोग का पत्र भी यही कहता है। विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह सुझाव दिया है कि जिन विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के छह महीने बाद होने हैं, उनके चुनाव भी लोकसभा के साथ ही करा लिए जाएं और भले ही परिणाम छह माह बाद उनके कार्यकाल समाप्ति पर घोषित किए जाएं। वहीं, 21वें विधि आयोग की 2018 में आई रिपोर्ट में भी एक साथ चुनाव वाले विचार के पक्ष में मत व्यक्त किया गया था।

क्या एक साथ चुनाव कराना वाकई लाभदायक है? समवेत स्वर में इसका उत्तर 'हां' में ही निकलेगा। कम से कम चार पहलू इसके फायदों की पुष्टि करते हैं। सबसे पहला तो यह कि बार-बार चुनाव के कारण लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता के चलते कई विकास परियोजनाएं गतिरोध का शिकार हो जाती हैं और कल्याणकारी कार्यक्रम भी ठहर जाते हैं। एक साथ चुनाव होने से विकास गतिविधियों पर आचार संहिता के प्रभाव को न्यून किया जा सकेगा। दूसरा लाभ चुनाव प्रक्रिया पर होने वाले खर्च की लागत घटने के रूप में मिलेगा।


विधि आयोग की रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा और विधानसभा चुनावों का खर्च लगभग बराबर होता है। लोकसभा चुनाव का व्यय जहां भारत सरकार वहन करती है, वहीं विधानसभा चुनावों का खर्च संबंधित राज्य की सरकार को उठाना पड़ता है। जबकि एक साथ चुनाव से केंद्र और राज्य आधा-आधा खर्च उठाकर ही चुनाव करा सकते हैं। इससे पार्टियों और प्रत्याशियों का खर्च भी व्यापक स्तर पर घटेगा।

तीसरा लाभ चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी कठिनाइयों के हल में मिलेगा। चुनाव कराना लाजिस्टिक्स के लिहाज से बड़ी चुनौती है, जिसके लिए भारी मात्रा में संसाधन और समन्वय की आवश्यकता होती है। चुनाव आयोग को वोटिंग मशीन से लेकर मतदान कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था करनी पड़ती है। मतदान कर्मियों में बड़ी संख्या शिक्षकों की होती है। उन्हें यह दायित्व मिलने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। अन्य विभागों का कामकाज भी प्रभावित होता है। कर प्रशासन से लेकर सुरक्षा बलों जैसी तमाम इकाइयों की सक्रियता भी बढ़ानी होती है। व्यापक स्तर पर संसाधन-केंद्रित इस प्रक्रिया को लोकसभा और विधानसभा चुनावों में दोहराना पड़ता है। इन तीन फायदों से इतर एक साथ चुनाव का सबसे बड़ा लाभ मतदान में बढ़ोतरी के रूप में दिख सकता है।

स्पेन में हुए दो अध्ययनों में यह सामने आया है कि एक साथ चुनाव और मतदाताओं की सक्रियता-सहभागिता में सकारात्मक अंतर्निहित संबंध है। भारत में भी इसके प्रमाण मौजूद हैं। अभी आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और तेलंगाना में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम है। वर्ष 2019 में हुए चुनावों में आंध्र में 80.38 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि अरुणाचल में 82.11 प्रतिशत, ओडिशा में 73.29 प्रतिशत, सिक्किम में 81.41 प्रतिशत और तेलंगाना में 62.44 प्रतिशत। जबकि मतदान का राष्ट्रीय औसत 67.4 प्रतिशत था। इस प्रकार देखें तो तेलंगाना को छोड़कर उन सभी राज्यों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक रहा, जहां लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए गए थे।

एक साथ चुनाव के विरोधियों की दलील है कि ऐसा होने से राष्ट्रीय मुद्दे अधिक केंद्र में होंगे, जिसका फायदा किसी एक दल को लोकसभा और विधानसभा यानी दोनों चुनावों में मिल सकता है। इस विचार को मूर्त रूप देने की राह में अन्य कुछ चुनौतियां भी हैं। उनके बावजूद नीति आयोग और विधि आयोग का मानना है कि यह विचार अमल में लाए जाने के लिहाज से पूरी तरह व्यवहारिक है। कुछ लोगों को यह आशंका भी सता रही है कि एक साथ चुनाव संबंधी संवैधानिक प्रावधान संघीय ढांचे को कमजोर कर राज्यों की स्वायत्तता को घटाएगा। ये चिंताएं कुछ बढ़ा-चढ़ाकर ही व्यक्त की जा रही हैं।

# आईना दिखा रहे हैं उप मुख्यमंत्री



**दिवाकर मुक्तिबोध**

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के पिछले साढ़े चार वर्षों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बाद यदि दूसरा कोई नेता या मंत्री विभिन्न कारणों से सर्वाधिक सुर्खियों में रहा है तो वे टी एस सिंहदेव हैं। सरकार के वरिष्ठ मंत्री और अब डिप्टी सीएम जिन्हें यह कुर्सी तब मिली जब राज्य विधानसभा चुनाव के लिए महज तीन चार माह ही शेष रह गए थे। 17 दिसंबर 2018 को भूपेश बघेल के सरकार की कमान संभालने के पहले और बाद में प्रदेश की राजनीति में यह खबर तैरती रही कि बघेल के मुख्यमंत्री के रूप में ढाई साल पूर्ण होने के बाद अगले ढाई वर्षों के लिए टी एस बाबा मुख्यमंत्री बनेंगे। इस पूरी अवधि तक टीएस इस मुद्दे पर लगभग खामोश रहे। मीडिया के सामने उन्होंने न कभी हां कहा न ना पर अखबारों के जरिए वे चर्चा में बने रहे। सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली में जो सत्ता संघर्ष हुआ, उसमें अंततः भूपेश बघेल की जीत हुई। टीएस हाथ मलते रह गए फिर भी ढाई साल के सवाल पर उन्होंने चुप्पी कायम रखी अलबत्ता आलोचना के हथियार तेज कर दिए।

उन्होंने सरकार के कामकाज पर तल्ख टीका टिप्पणियां देनी शुरू कर दीं। जाहिर है इस वजह से भी वे लगातार सुर्खियां बटोरते रहे और जब उन्हें डिप्टी सीएम बनाने की अप्रत्याशित खबर सामने आई तो प्रदेश कांग्रेस की राजनीति में भूचाल सा आ गया। सुर्खियों पर सुर्खियां चलती रहीं जिसने अब एक नई राह पकड़ ली है जिसके केंद्र में खुद टीएस हैं, उनका सरगुजा है, विधानसभा चुनाव है, टिकिट का मुद्दा है, कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और वे विधायक भी जिन्होंने उनके खिलाफ डिप्टी सीएम बनने के पूर्व तक मोर्चा खोल रखा था तथा उन पर गंभीर व अपमानजनक टिप्पणियां की थीं, आरोप जड़े थे।

टीएस बाबा अपनी साफगोई के लिए जाने जाते हैं। नपी तुली बातें करते हैं। कभी संयम का दामन नहीं छोड़ते और न ही किसी के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं। रामानुजगंज के कांग्रेसी विधायक बृहस्पति सिंह ने जब उन पर हत्या का आरोप लगाया था तब भी वे संयमित रहे। इसका उन्होंने शालीन तरीके से विरोध व्यक्त किया था। लेकिन अब उन्होंने अपने प्रभाव वाले सरगुजा के उन विधायकों को अपने तरीके से निपटाने का काम शुरू कर दिया है जो उनके खिलाफ जहर उगल रहे थे। पहले क्रम पर हैं, बृहस्पति सिंह, सामरी के विधायक चिंतामणि महाराज और बैंकुठपुर के विधायक अंबिका चरण सिंह। राजपुर के हाल ही के अपने दौरे व कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी बातों से प्रदेश कांग्रेस कमेटी व हाई कमान को मैसेज दे दिया कि सरगुजा सहित प्रदेश में टिकिट वितरण के समय उनकी मंशा व सुझावों को महत्व मिलना चाहिए।

बीते समय में सरगुजा संभाग के राजपुर व प्रदेश के अन्य स्थानों में उन्होंने अलग-अलग मंच पर जिस बेबाकी से अपने विचार रखे, वे बड़ी सुर्खियां बनीं। पहली बार सार्वजनिक रूप से उन्होंने साढ़े चार वर्षों तक सरगुजा संभाग व प्रदेश के अन्य भागों में फैले अपने समर्थक कार्यकर्ताओं व पार्टी के पदाधिकारियों की उपेक्षा को रेखांकित किया और उनके असंतोष को सामने रखा। सत्ता के करीब आने के लिए पाला बदलने वाले विधायकों का बिना नाम लिए, उन्होंने उन्हें आड़े हाथों लिया। इसमें अप्रत्यक्ष रूप से रामानुजगंज के विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा उन्हें तथा परिवार को अपमानित करने की घटना का हवाला देते हुए उन्हें माफ न करने, सामरी के विधायक चिंतामणि महाराज का खुलकर विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं को चुनाव में मनमाफिक निर्णय लेने की स्वतंत्रता देने के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी अकर्मण्य विधायकों से है, पार्टी से नहीं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने यहां तक कहा कि सरगुजा में पिछले चुनाव के नतीजों को दुहराना संभव नहीं है। अलबत्ता यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो यहां 14 में से अधिकतम 11 सीटें कांग्रेस को मिल सकती हैं अन्यथा 7 से अधिक नहीं।

# ठेकेदार एवं इंजीनियर के मिलीभगत से सरकार के महत्वाकांक्षी योजना फेल

## ग्राम पंचायत जल्ली के ग्रामीणों के द्वारा पानी टंकी का किया गया शिकायत किया गया

**मुंगेली।** सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना को जिला में बैठे इंजीनियर एवं बना रहे ठेकेदार के द्वारा सरकार के इस योजनाओं को ले डूबेंगे ऐसा प्रतीत होने लगा है क्योंकि घर-घर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे पानी टंकी गुणवत्ताहीन बनाने का काम किया जा रहा है इसी प्रकार से ग्रामीणों के द्वारा शिकायत कर जिला कलेक्टर को अवगत कराया गया है जिसमें जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिला है ना ही ठेकेदार और इंजीनियर को इस संदर्भ



में कोई पत्र जारी हुआ है। जिला प्रशासन के लगातार इस प्रकार की कार्यों से ग्रामीणों के एवं जन दर्शन कार्यालय में आ रहे उन सभी गरीब मजदूरों के मन में आक्रोश देखने को मिल रहा है और यहां अधिकारी कार्यों में व्यस्त है कहते हुए दो माह तीन माह किसी का तो साल भर से ऊपर हो गया है आवेदन लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक देखने को नहीं मिला है। इस प्रकार के कार्यवाहियों से आने वाले समय में उन सभी आवेदन कर्ताओं के द्वारा एकजुट होकर इसका विरोध प्रदर्शन ना कर दे ऐसा संभावना होता प्रतीत हो रहा है आपको बता दे इसी प्रकार ग्राम पंचायत जल्ली के ग्रामीणों के द्वारा आवक जावक शाखा कलेक्ट्रेट मुंगेली को दिनांक 29/08/2023 को आवेदन दिया गया था जन दर्शन 11:30 चालू होकर दोपहर 2:30 में बंद हो गया था उसके बाद नही खुला जाता है जिसके कारण से ग्रामीणों द्वारा अपने आवेदन को आवक जावक में देकर चले गए थे लेकिन एक सप्ताह से कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिला तो उनके द्वारा पुन: जन दर्शन कार्यालय में आवेदन दिया गया है

# कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट में विभिन्न शाखाओं व कार्यालयों का किया निरीक्षण

### अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों की होगी वेतन कटौती

**मुंगेली।** कलेक्टर श्री राहुल देव ने प्रात: 10.30 से बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों में समय पर अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति देखकर जमकर नाराजगी जाहिर की और उनका वेतन कटौती करते हुए नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कार्यालयों की साफ सफाई, फाइलों का उचित रख रखाव के भी निर्देश दिए।

बता दें कि कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग, जिला कोषालय, राजस्व,



शिक्षा, आबकारी, योजना एवं सांख्यिकी, खेल, श्रम, मत्स्य पालन, चिप्स, एनआईसी, महिला बाल विकास, डिजीटल अभिलेखागार सहित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई अधिकारी-कर्मचारी समय पर अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने कहा कि कई कार्यालय आम जनता से सीधे जुड़े होते हैं।अधिकारी-कर्मचारियों के अनुपस्थित होने के कारण आमलोगों को भटकना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट हिदायत देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर विभागीय कामकाज को जिम्मेदारीपूर्वक करें। आमजनता को किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होना चाहिए।

# शहर की सड़कों को पशुमुक्त बनाने कलेक्टर ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मुंगेली।** शहर की सड़कों को पशुमुक्त बनाने कलेक्टर श्री राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सड़क पर बैठे हुए पशुओं से आवागमन बाधित होता है। साथ ही दुर्घटना होने की भी संभावना बनी रहती है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक ने बताया कि पशुओं के खुले में विचरण करते पाए जाने पर पशु मालिकों के विरूद्ध पशु अतिचार अधिनियम के प्रावधानानुसार कार्यवाही करते हुए 500 रूपए प्रति पशु जुर्माना वसूल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पशुपालक अपने पशुओं को गौठान में भेजे या घर पर बांधकर रखें।

जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालकों से अपील किया गया है कि पशुओं को अपने घर में बांधकर रखे, खुला न छोड़े। आवारा पशुधन किसानों के फसल को नुकसान पहुंचाते हैं तथा सड़कों पर बैठने पर आवागमन बाधित होने के साथ ही दुर्घटना होने पर पशुओं की मृत्यु हो जाती है, जिससे पशुपालक की हानि होती है।

कलेक्टर ने मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई को जिला कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन के द्वारा गांव-गौठान में पहुंचकर पशु चिकित्सक पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। इसके साथ ही टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान के लिए भी टीके, लिक्विड नाइट्रोजन गैस और सीमेन की व्यवस्था भी रहेगी। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क किया जा सकता है। इस पर काल करके पशुपालक अपना पता, लोकेशन बताकर बीमार मवेशी के ईलाज के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट को बुला सकेंगे।

## कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन, लैंगिक उत्पीड़न पर विधिक जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन

**मुंगेली।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चंद्र कुमार अजगल्ले के मार्गदर्शन में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन, लैंगिक उत्पीड़न पर जिला न्यायालय में 31 अगस्त को विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री बलराम देवांगन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भारत के कानून के संबंध में जानकारी होना चाहिए। उन्होंने अपराध के विरूद्ध महिलाओं को तुरंत आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मयंक सोनी ने महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध व निवारण) अधिनियम 2013 की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 व 2018 तथा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के संबंध में बताया। उन्होने कहा कि लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापनाप हेतु महिलाओं की सुरक्षा का अहम दायित्व राज्य का होता है। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री श्वेता ठाकुर, चीफ डिफेंस कौंसिल श्री टीकम चंद्राकर सहित पीड़ित परिवार के महिलाएं उपस्थित थे।

# अवैध प्लाटिंग करने वालों पर हुई कार्रवाई ,भूमि को पूर्व स्थिति में लाने पर होने वाले व्यय को किया जाएगा वसूल

**धमतरी।** कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री जी.आर. मरकाम के नेतृत्व में रत्नाबांधा, बठेना और रूद्री में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरूद्ध कार्यक्रम की गयी। जिसमें रत्नाबांधा के प.ह.नं 30, बठेना स्थित भूमि ख.नं.364/12, जो कि भूमिस्वामी हीरा केशवानी के नाम पर थी, इस भूमि पर कॉलोनी निर्माण के आशय से अप्राधिकृत रूप से अवैध विकास करते हुए रोड का निर्माण किया गया था। यह पंचायत राज अधिनियम 1993/छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के



प्रावधानों के विपरीत है। विधिक स्थिति को बनाए रखने हेतु जेसीबी मशीन के माध्यम से भूमि को पूर्व स्थिति में लाया गया।

इसी तरह रूद्री के प.ह.नं.45 रा.नि.मं. स्थित भूमि ख.नं. 297 भूमिस्वामी श्री बिशाल राम साहू पिता श्री अघनूराम साहू के नाम पर दर्ज है। इस भूमि पर अप्राधिकृत रूप से सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति के बिना अवैध विकास कर व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जा रहा था। यह पंचायत राज अधिनियम 1993/छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों के विपरीत है। विधिक स्थिति को बनाए रखने हेतु जेसीबी मशीन के माध्यम से भूमि को पूर्व स्थिति में लाया गया। धमतरी के प.ह.नं. 33 रानिमं स्थित भूमि ख.नं.15025/2 श्री दिनेश पंजीवानी एवं अन्य के नाम दर्ज है। इस भूमि पर कॉलोनी निर्माण के आशय से अप्राधिकृत रूप से विकास करते हुए रोड आदि का निर्माण किया गया है, जो कि पंचायत राज अधिनियम 1993/छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों के विपरीत है। विधिक प्रावधान अनुसार जेसीबी मशीन के माध्यम से भूमि को पूर्व स्थिति में लाया गया है।

अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि भूमि को पूर्व स्थिति में लाने के लिए उपगत व्यय की परिगणना पृथक से कर भू राजस्व की बकाया राशि के रूप में वसूल किया जाएगा। इस कार्यवाही में नगर तथा ग्राम निवेश, नगर निगम, राजस्व, पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी, संबंधित पटवारी उपस्थित थे।

# समझौते के दौरान दम्पतियों को श्रीफल, तुलसी का पौधा व सात वचन की प्रति सौंपीं न्यायमूर्ति श्री भादुड़ी ने



बेमेतरा। नेशनल लोक अदालत 09 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गयी, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधीन में आयोजित बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय में 36 प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिसमें से चार दाम्पत्य को उनके मध्य हुये लड़ाई-झगडे को समाप्त कर परिवार न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती नीलिमा सिंह बघेल द्वारा विशेष प्रयास कर एक किया गया तथा चारों दंपत्ति अलग-अलग प्रकरणों में एक साथ जाने के लिए तैयार हुए। न्यायालय द्वारा परिवार न्यायालय में विशेष स्लोगन व कविताओं के जरिये पक्षकारों को राजीनामा करने हेतु प्रेरित किया गया, जिसमें से प्रमुख यह था कि-झुकता वही है जिसमें जान होती है, और अकड़ तो मुर्दो की पहचान होती है।

कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा में नेशनल लोक अदालत के दौरान अनूठी पहल करते हुए दम्पतियों को श्रीफल, तुलसी का पौधा व सप्तपदी के सात वचन की प्रति माननीय न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी द्वारा भेंट की। समझौते के बाद पति पत्नी द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर न्यायालय से विदा किया गया।

उल्लेखनीय है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमेन न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी तथा सालसा के सदस्य सचिव श्री आनंद प्रकाश वारियाल इस दौरान न्यायालय में उपस्थित थे। उल्लेखनीय रूप से नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय में भरण-पोषण व वैवाहिक मामलों समेत कुल 36 प्रकरणों का निपटारा हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सचिव भी इस प्रक्रिया के दौरान परिवार न्यायालय में उपस्थित थे।

# विद्युत कनेक्शन काटे जाने का संदेश भेजकर उपभोक्ताओं को कर रहे भ्रमित

### फर्जी मोबाइल नंबरों से आए एसएमएस से बिजली उपभोक्ता सावधान रहें

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संज्ञान में आया है कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर फेक एसएमएस भेजे जा रहे हैं, जिसमें बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का संदेश लिखा होता है तथा 10 अंकों का फर्जी मोबाइल नंबर से संपर्क करने कहा जाता है। इस नंबर पर फोन करने पर साइबर ठग बिजली कनेक्शन कटने का झांसा देते हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिए हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने को कहा है। कंपनी कभी भी अपने उपभोक्ताओं को 10 अंकों के मोबाइल नंबर से कोई मैसेज नहीं भेजती है और न ही 10 अंकों के मोबाइल नंबर पर किसी तरह के भुगतान स्वीकार किया जाता है। पॉवर कंपनी ना ही कभी भी किसी लिंक को क्लिक करने के लिए कहती है और ना ही 'मोर बिजली ऐप' के अलावा किसी ऐप को डाउनलोड करने या उपयोग करने को कहती है।

साइबर ठग उपभोक्ता नंबर के बजाय उपभोक्ता का मोबाइल नंबर मांगते हैं और भुगतान संबंधी जानकारी देने की बात कहते हैं। साथ ही ये प्ले स्टोर में जाकर किसी एप को डाउनलोड करने कहते हैं, जिससे उपभोक्ता धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि बिजली संबंधी सभी भुगतान विद्युत वितरण कंपनी के काउंटरों, एटीपी सेंटरों, मोर बिजली ऐप, कंपनी की वेबसाइट cspc.co.in

अथवा CSC Øæ Pay Point के अधिकृत आउटलेट्स पर ही करें। इनके अलावा किसी दूसरे माध्यम से किसी भी तरह की राशि का भुगतान न करें।

# मेडीकल कालेज में स्पताह भर से नही हो रहे मोतियाबिंद ऑपरेशन



### लेंस स्केनर मशीन खराब होने से बढ़ी परेशानी

**महासमुंद।** लेंस स्केनर मशीन खराब होने की वजह से कोई सप्ताह भर से मेडिकल कॉलेज में मोतियाबिंद का ऑपरेशन बंद है। फलस्वरूप मरीजों को ऑपरेशन कराने के लिए मेकाहारा रिफर किया जा रहा है। बता दें कि कंजेक्टिवाइटिस के चलते डेढ़ माह तक ऐसे ही ऑपरेशन बंद रहा। जिसकी वजह से जिन मरीजों का ऑपरेशन होना था वे समय पर ऑपरेशन नहीं करा पाये। अब मरीजों के लिए ये नई मुसीबत खड़ी हो ं। गई है। मोतियाबिंद तथा सामान्य दृष्टिदोष ऑपरेशन मिलाकर अब तक जिले में संख्या 300 के आसपास चली गई है। वहीं, इधर, रोजाना 60-70 मरीजों में से 2-3 मरीज ऑपरेशन के निकलते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के पुराने सरकारी अस्पताल में बने नेत्रालय में कंजेक्टिवाइटिस के चलते सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी प्रकार के ऑपरेशन बंद थे। फलस्वरूप जहां सामान्य घरों के मरीजों ने जैसे-तैसे मेकाहारा या निजी अस्पतालों में जाकर ऑपरेशन करा लिया। लेकिन गरीब घर के मरीज ऑपरेशन नहीं करा पाये थे। इसके बाद आंख जांच की मशीन खराब होने की वजह से उन्हें फिर एक बार इंतजार करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज नेत्र रोग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 30 सितंबर से 1 अगस्त के बीच पता चला कि मशीन काम नहीं कर रही है। हालाकि, इसके सुधार से सीजी एमएससी से मेडिकल इंजीनियर को बुलाया गया है।

इधर आंखों में गांठों का ऑपरेशन नेत्र रोग विभाग में ही किया जा रहा है। बता दें कि आई फ्लू के बाद से अचानक ही आंखो के पलकों में गांठों की शिकायत बढ़ गई थी। रोजाना 60-70 में 10 से 15 मरीज आंखों में गांठों के सामने आ रहे थे। ऑपरेशन बंद होने की वजह से मरीजों की संख्या बढ़ गई थी। अब यह ऑपरेशन शुरू हो चुका है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल गोहियार के अनुसार पलकों में आयी गांठों का आपरेशन एक सूक्ष्म ऑपरेशन है इसलिए इसे किया जा रहा है।

# मोबाइल के मोह से बच्चों को दूर करने के संबंध में की गई कार्यशाला

**बेमेतरा।** जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शाखा बेमेतरा के द्वारा 8 सितंबर 2023 को ग्राम-तिलईकुड़ा, ग्राम पंचायत-फरी, विकासखण्ड बेमेतरा, जिला-बेमेतरा के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला तिलईकुड़ा के स्कूली बच्चों को जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री व्योम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 की सेवाओं के बारे में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के सुपरवाइजर डालिमा सोनी एवं केस वर्कर हीना साहू के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि, 0-18 वर्ष के बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में 24म7 फोन कर सेवा लिया जा सकता है। इस जागरूता के कार्यशाला में शाला के प्रधानपाठक श्री यसपत कुमार वर्मा, श्री संतोष साहू (प्राथमिक शाला) शिक्षक श्रीमती निर्मला सिंह, श्रीमती उषा श्रीवास एवं शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के आदेशानुसार मोबाईल के मोह से बच्चों को दूर करनें के संबंध में जानकारी दी गई जिसमें मुख्यत: परिजनों की भूमिका, मोबाईल के मानसिक व शारीरिक दूषप्रभावों तथा बच्चों को शारीरिक क्रिया-कलापों के जरिये खेलों से जोड़नें तथा इन-डोर आउट-डोर गेम्स, चित्रकला, संगीत, नृत्य इत्यादि के माध्यम से मोबाईल से दूर रखा जा सकता है। इस संबंध में जानकारी दी गई।

# एसडीएम द्वारा सरायपाली के दो होटलों में छापामारी

### बिना लाइसेंस बस स्टैंड में शराब पिलाते होटल सील

**सरायपाली।** अनुविभागीय अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में सरायपाली में बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वे स्वयं मौके पर थे। श्री नंदनवार व तहसीलदार सरायपाली द्वारा राजस्व अमले के साथ बिना लाइसेंस एवं बिना फूड सेफ्टी रेगुलेशंस के चल रहे बस स्टैंड सरायपाली में स्थित दो होटलों-भोजनालयों पर छापामार कार्यवाही की गई। यहां संचालित विजय होटल एवं भोजनालय और ममता होटल एवं भोजनालय जांच के दौरान ग्राहकों को मदिरा परोसते पाए गए। इसके अलावा विजय होटल से 18 नग 180 मिली अंग्रेजी शराब और 17 नग 180 मिली देशी शराब की बोतलें तथा ममता होटल से 50 नग 180 मिली अंग्रेजी शराब तथा 15 नग 180 मिली देशी शराब की बोतलें जब्त की गई।

जांच के दौरान पाया गया कि विजय होटल एवं ममता होटल



भोजनालय के पास न तो किसी भी प्रकार का लाइसेंस ना ही फूड सेफ्टी से संबंधित दस्तावेज पाए गए। विजय होटल एवं ममता होटल भोजनालय में निम्न स्तर की खाद्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था तथा साफसफाई का ध्यान रखे बिना संचालन हो रहा था जो कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जांच के दौरान पाया गया कि विजय होटल का संचालन नगरपालिका की तीन दुकानों को नियम विरुद्ध मिलाकर एक बड़ी दुकान के रूप में किया जा रहा था। जांच पूरी होने तक विजय होटल एवं ममता होटल-भोजनालय को सील किया गया है ।

# सरपंच के बेटे ने मुर्दों को खिला दिया 10 लाख का राशन



**गरियाबंद।** बरबाहली पंचायत की महिला सरपंच सुमित्रा सिन्हा को एसडीएम अर्पिता पाठक ने बर्खास्त कर दिया है। आदेश के मुताबिक सुमित्रा सिन्हा आगामी 6 साल तक किसी भी निर्वाचन के लिए पात्रता नहीं रखेगी।

दरअसल, बरबाहली के करन सिंह पाथर, फू लसिंह पाथर, शोभाराम मांझी, हीरालाल मांझी, कंवल मांझी, देवकुमार प्रधान, सीताराम पाथर, जुगेश्वर यादव ने पंचायत में लगातार हो रही आर्थिक अनियमितता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। युवकों ने 22 मार्च 2023 को एसडीएम से लिखित शिकायत कर बताया कि सरपंच सुमित्रा द्वारा परिवार के सदस्यों के नाम पर बिल वाउचर बनाकर पंचायत विकास मद की राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

ऑनलाइन डेटा के आधार पर शिकायत कर्ताओं ने बताया कि 14वे वित्त मद से ससुर हीराधर सिन्हा को ट्री गार्ड और बांस कार्य के नाम पर 17 हजार का भुगतान किया गया। पति पुनित सिन्हा की फ र्म पुनित कृषि फ ार्म और मटेरियल सप्लायर के नाम पर पैरा ढुलाई, मुरमीकरण और सफाई के नाम पर अलग-अलग 4 बार में 2 लाख 500, मामा ससुर भोजराज सिन्हा के नाम पर 19,000 का भुगतान किया गया था। शिकायतकर्ताओं ने इस भुगतान में ज्यादातर को बोगस कार्य भी बताया था। इसके अलावा बेटे दुष्यंत सिन्हा को पंचायत द्वारा संचालित राशन दुकान का सेल्समैन नियुक्त कर मृत लोगों के नाम पर राशन निकालने की भी शिकायत की गई थी।

### काम नहीं आया कोरोना का बहाना

शिकायत के बाद एसडीएम ने जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान के नेतृत्व में दल गठित कर जांच निर्देश दिया। मामले की जांच हुई तो अनियमितता की पुष्टि हो गई। 5 महीने की लंबी सुनवाई के बीच सरपंच को जब पक्ष रखने का मौका दिया तो उसने कोरोना काल में दूसरा विकल्प नहीं होने की दलील दी, जो काम नहीं आया। फिर एसडीएम ने 25 अगस्त को आदेश पारित कर सरपंच को बर्खास्त कर दिया। कार्रवाई के बाद इसके पालन के लिए जनपद सीईओ को भी पत्र भेजा गया है।

# शराब की अवैध बिक्री बंद कराने निकली महिला पर कोचियों द्वारा हमला



**गरियाबंद।** अवैध शराब बिक्री की सूचना पर बंद कराने निकली महिला कमांडो पर कोचियों ने हमला कर दिया। हमले में घायलों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने एफ आईआर में अवैध शराब बिक्री का जिक्र ही नहीं किया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम भेंडरी में बीती रात गांव में महिला कमांडो का दल अवैध शराब बिक्री की सूचना पर बंद कराने निकला था। प्रार्थी धनेश्वरी सिन्हा समेत अन्य सदस्यों ने अपने लिखित आवेदन में बताया था कि गांव के महेश साहनी के घर के सामने अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी, जिसे बंद कराने महिला कमांडो निकली हुई थी, तभी संजू देवार, राहुल देवार ने अपने 10 से ज्यादा साथियों के साथ महिला कमांडो पर हमला कर दिया। अश्लील गालियां देकर धक्का-मुक्की के अलावा लाठी-डंडा से मारपीट किया गया तथा बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीणों को भी कोचियों ने नहीं बख्शा।

बताया गया कि घटना में लक्ष्मी साहू के सर में, सरोज के गले में चोट के अलावा महिला कमांडो सदस्य चुम्मन बाई, चमेली बाई व पुष्पा को भी चोट आई है। घटना के बाद पीड़ित कमांडो ने रात को ही फिंगेश्वर थाना पहुंच कर मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने संजू देवार, राहुल देवार, रामेश्वरी देवार, शुभम, परमिला, महेश साहनी, रेखा साहनी, अरुण साहनी, नंद किशोर महंत, रामू महंत समेत कुल 10 के खिलाफ नामजद एवं अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 149, 294 तथा 323 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

**एफ आईआर में शराब बिक्री का जिक्र नहीं**

महिला कमांडो की शिकायत पर बनाए गए 10 आरोपी में से कुछ आरोपी पहले से अवैध शराब बिक्री के आरोपी हैं। महिलाओं ने शिकायत में अवैध शराब बिक्री का जिक्र किया है लेकिन एफ आईआर में महिला कमांडो का कोई जिक्र नहीं है बल्कि इसमें महिलाओं के रोजाना की भांति भ्रमण पर निकले होने की बात कही गई है। मामले में फिं गेश्वर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े ने बताया कि शराब जब्त नहीं की गई थी फिर भी मामले की जांच जारी है। अगर बेचना पाया जाता है तो आगे और कार्रवाई होगी।

# जल, जंगल, जमीन के साथ आदिवासियों को सम्मान देगी भाजपा : अमित शाह

### भ्रष्ट सरकार से छत्तीसगढ़ को मुक्ति दिलाने शाह का संकल्प



**सरायपाली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गत शनिवार को सरायपाली के ग्राम खैरमाल में आयोजित जनजातीय समाज के अभिनंदन कार्यक्रम में अघोषित रूप से भाजपा के चुनाव अभियान का शंखनाद कर दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सन 2000 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का काम किया। 15 साल तक डॉ. रमन सिंह ने उसे संवारने का काम किया। जब छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश से अलग हुआ तो पूर्व में आदिवासी भाइयों को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलता था, जिसे डॉ. रमन सिंह ने भाजपा शासनकाल में 12 प्रतिशत बढ़ाकर 32 प्रतिशत किया। आज उन्हीं आदिवासियों की उपेक्षा की जा रही है।

कांग्रेस के शिखर नेतृत्व पर सीधे प्रहार करते हुये उन्होंने कहा कि राहुल बाबा छत्तीसगढ़ आए हैं। कुछ न कुछ बोलकर जाएंगे। राहुल बाबा आपने छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को क्या दिया। इसका हिसाब छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाइयों को दीजिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काम करने नहीं दिया जा रहा है? छत्तीसगढ़ को इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार से बचाने का काम भाजपा करेगी। पूर्व में केंद्र के कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों को 14 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलता था, जिसे भाजपा ने दो प्रतिशत कर दिया। कोरोना काल में देशवासियों की चिंता करते हुए सभी को दो कोरोना टीका नि:शुल्क लगाने का काम भाजपा सरकार ने किया। केंद्र सरकार द्वारा गरीब आदिवासियों को 5 किलो मुफ्त में चावल भी दिया जा रहा है लेकिन उन गरीब आदिवासियों के चावल को भूपेश सरकार खा गई। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का वक्त आ गया है।

राज्य सरकार पर तीखा वार करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बघेल की भ्रष्ट सरकार केंद्र में कांग्रेस का एटीएम बनना चाहती है। यह भगवान राम का ननिहाल है, छत्तीसगढ़ को कदापि ऐसा होने नहीं देंगे। बल्कि भाजपा सरकार के जरिए छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमने आदिवासियों को जल, जंगल जमीन दी है। सुरक्षा और सम्मान भी देंगे। 12 जनजाति के आदिवासियों को सर्टिफिकेट देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया।

# तीजा मनाने चंदखुरी आएंगी माता कौशल्या



**आरंग ।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार कौशल्या माता तीजा त्यौहार मनाने चंदखुरी आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने ऐसी आस्था प्रकट की है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के नगर पंचायत चंदखुरी में माता कौशल्या का भव्य मंदिर है। उन्हें कोशल (प्राचीन छत्तीसगढ़) की बेटी होने की मान्यता प्राप्त है। छत्तीसगढ़ के तीज त्योहार के रीति अनुसार सभी बहन.बेटी अपने मायके में तीजा मानने आती हैं, इसी मान्यता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष छत्तीसगढ़ की बेटी कौशल्या को अयोध्या से चंदखुरी लाने और तीजा मनाने लोक कलाकार अयोध्या गए थे।

छत्तीसगढ़ के दो लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर और नरेंद्र यादव सांकेतिक रूप से तीजा लिहवाने अयोध्या गए। वहां चक्रवर्ती महाराजा दशरथजी की महल में प्रार्थना कर आज्ञा मांगी कि हम अपनी बहन कौशल्या को तीजा लेने आये हैं। हमारी बहन को हमारे साथ उनके मायके छत्तीसगढ़ ले जाने की अनुमति प्रदान कीजिये। यह उनकी प्रबल आस्था है कि महाराजा दशरथ की स्वीकृति के पश्चात श्रीराम जन्मभूमि, चक्रवर्ती महाराज दशरथ महल अयोध्या धाम की पवित्र मिट्टी वहां के पुजारी भगवान दास ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर इन लोक कलाकारों को प्रदान की। इसे लेकर लोक कलाकार द्वय अयोध्या धाम से रायपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन रायपुर में माता कौशल्या की प्रतिमूर्ति बनाने के लिए लाई गई इस पवित्र मिट्टी का भव्य स्वागत किया गया। चित्रोत्पला लोक कला परिषद के संस्थापक राकेश तिवारी के साथ सभी कलाकार बिरादरी और सर्व समाज के द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पवित्र मिट्टी को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पीलू राम साहू (निमोरा) को माता कौशल्या की सुंदर मूर्ति बनाने के लिए सौंपा गया है।

# श्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा का सिहावा-नगरी में लोकार्पण किया मुख्यमंत्री ने

## 9 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से रामवनगमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत सौंदर्यीकरण

**सिहावा।** श्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा का सिहावा-नगरी में लोकार्पण किया मुख्यमंत्री नेश्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा लोकार्पण किया मुख्यमंत्री नेश्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा श्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा का सिहावा-नगरी में श्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा का सिहावा-नगरी में श्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा का सिहावा-नगरी में श्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा का सिहावा-नगरी में

छत्तीसगढ़ की पुण्यभूमि धमतरी जिले के नगरी-सिहावा में रामकथा से जुड़े स्थलों को सहेजने और इनके विकास के लिए बनाये गये रामवनगमन पर्यटन परिपथ के कार्यो का लोकार्पण करने आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल पहुँचे। 9 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से तैयार किये गये इस परिपथ का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान श्रीराम की 30 फीट की सुंदर धवल प्रतिमा है। परिपथ का लोकार्पण करने के पश्चात मुख्यमंत्री सिहावा में कर्णेश्वर रामायण महोत्सव में भी शामिल हुए।



मुख्यमंत्री ने रामायण महोत्सव में कहा कि रामराज्य में सबको सम्मान और सबको बराबरी का अवसर मिलता है। भगवान श्रीराम की प्रेरणा से हमारी सरकार भी सबको सम्मान और सबको अवसर दिलाने लगातार काम कर रही है। हम किसानों, मजदूरों का आर्थिक स्तर उठाने का काम कर रहे हैं। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का काम कर रहे हैं। हमने तय किया है कि इस बार किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेंगे। चाहे किसी भी तरह की दिक्कत आये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जहां जहां भगवान श्रीराम के चरण पड़े, उन्हें हम विकसित कर रहे हैं। इसकी शुरूआत हमने माता कौशल्या की पुण्यभूमि चंदखुरी से की। प्रदेश में 10 स्थलों का चयन कर इन्हें राम वनगमन पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमने देश में पहली बार राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन कराया। श्रीराम से जुड़े स्थलों का विकास हम कर रहे हैं और इसी क्रम में नगरी सिहावा में भी यह किया गया है।

कार्यक्रम को गृह एवं पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे राज्य में 162 करोड़ रुपये की लागत से राज्य सरकार रामवनगमन पर्यटन परिपथ को विकसित कर रही है। हमारी सरकार ने पर्यटन नीति बनाया जिससे पर्यटन क्षेत्र विकसित हो और पर्यटक वहां पहुँचे और क्षेत्र का विकास हो।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय महोत्सव के आयोजन पर बनाए गए कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया साथ ही उन्होंने रामसीय मानस मंडली कोटगाँव, रामसिया मानस मंडली कुरूद, जगतरणी मानस परिवार नगरी, जय तुलसी मानस परिवार कांकेर, बस्तरीह मानस मंडली कोंडागांव को वाद्य यंत्र खरीदने हेतु 5 हजार का चेक सौंपे। महोत्सव में आए प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा को भी उन्होंने सम्मानित किया।

कार्यक्रम राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, सिहावा विधायक और मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मी ध्रुव,महापौर नगर पालिक निगम, धमतरी श्री विजय देवांगन, अध्यक्ष दिव्यांग जन सलाहकार बोर्ड श्री मोहन लालवानी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री निशु चंद्राकर, आईजी श्री आरिफ शेख, कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों के लिए खिलौना संग्रहालय

## पौसरी में पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने किया शुभारंभ



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के स्कूलों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को शिक्षा के साथ साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए कई नवाचारी पहल भी किए जा रहे हैं। बलौदाबाजार जिले के ग्राम पौसरी में एक ऐसे ही नवाचारी पहल के तहत अनोखे खिलौना संग्रहालय तैयार किया गया है। पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने इस अनोखे खिलौना संग्रहालय का शुभारंभ किया। शिक्षको और बच्चों को शुभकामनाएं दी।

शासकीय प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका भारती वर्मा ने अध्यापन कार्य के साथ-साथ नवाचारी पहल करते हुए अपने स्कूल में खेल खिलौना संग्रहालय की स्थापना की है। इस खिलौना संग्रहालय ने रखे गए सभी खिलौने लकड़ी, मिट्टी, कागज़, गत्ते व घर के अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार किए गए है। खिलौने न सिर्फ खेलने के लिए बल्कि बच्चों को उनके पुस्तक के पाठ को समझने में सहायता करते हैं। खास बात ये भी है कि सभी खिलौने शिक्षिका व बच्चों ने मिलकर अलग अलग समय पर शाला में ही खिलौना निर्माण कार्यशाला लगाकर तैयार किया है। संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व स्थानीय खेलो व खिलौनों को संग्रहित व संरक्षित करने की पहल की गई है।

### समुदाय के सहयोग से स्थापित

शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि मन में विचार आया कि क्यों न छत्तीसगढ़ के सभी पारम्परिक व स्थानीय खेल खिलौनों को एक छत के निचे एकत्र कर बच्चों को उनसे अवगत कराया जाय ताकि बच्चें उन्हें जान सके और खेलों के महत्व को समझ सके। शाला की प्रधान पाठक पुष्पलता नायक के प्रेरणा से स्थानीय पर्व छेरछेरा के तर्ज पर मै घर-घर जाकर पुराने खिलौनों को इकठ्ठा करने का काम करने लगी। पुराने बुजुर्गो से स्थानीय व प्रचलित खेलों की जानकारी भी एकत्र की, जो आज के बच्चे नहीं खेलते है या अब मोबाइल के युग में प्रचलन में नहीं है।

### नई राष्ट्रीय शिक्षा के अनुरूप

नई राष्ट्रीय शिक्षा 2020 में खेल आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है ताकि बच्चे खेल खेल में आनंदमयी तरीके से पाठ की अवधारणाओं को सीख व समझ सके। खिलौने न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करते है बल्कि बच्चों के शारीरिक,मानसिक,सामजिक व सामुदायिक भावना का भी विकास करते है। एनसीईआरटी के निर्देशों अनुरूप शाला में जादुई पिटारा का निर्माण भी किया गया है, जिसे कक्षा 1 व 2 के बच्चों को सिखाने के लिए उपयोग किया जाता है।

### खेल खिलौना संग्रहालय क्यों

5 से 6 वर्षो के बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शाला परिसर में है वहां बालवाड़ी विकसित की जा रही है। यहां 'जाबो बालवाड़ी बढ़ाबो शिक्षा के गाड़ी' थीम के साथ खेल-खेल में बच्चों के सीखने एवं समझने की क्षमता में विकास किया जाएगा। इसी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए बच्चों के मानसिक और शैक्षणिक विकास के लिए एक संग्रहालय स्थापित किया गया है।

# इस बार 17 दिसम्बर को होगी ग्रेट छत्तीसगढ़ रन मैराथन

### कलेक्टर डॉ भुरे ने की मैराथन के लिए धावकों के पंजीयन की शुरूआत

**रायपुर।** हर वर्ष की तरह इस बार भी राजधानी के नवा रायपुर में 17 दिसम्बर 2023 को ग्रेट छत्तीसगढ़ रन मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने राजधानी रायपुर में आयोजित सादे समारोह में इस मैराथन के लिए प्रतिभागियों के पंजीयन की शुरूआत की। मैराथन में चार वर्गों छह किलोमीटर, दस किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर में आयोजित होगी। मैराथन का आयोजन लेट्स रन संस्था द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। इस बार मैराथन छत्तीसगढ़ में मिलने वाले पक्षियों की थीम पर केन्द्रित होगी। इस मैराथन में साढ़े तीन हजार से अधिक धावकों के शामिल होने की उम्मीद है।




लेट्स रन संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछले सात सालों से लगातार ऐसी मैराथन का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया जा रहा है। इस बार यह मैराथन का आठवां संस्करण होगा। संस्था लेट्स रन व्यवसायिक धावकों ही नहीं बल्कि दौड़ से जुड़े समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का समूह है। दौड़ से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने पर विश्वास करने वाले हर वर्ग और उम्र के लोग इस संस्थान से जुड़े है और वर्ष में तीन-चार ऐसी छोट-बड़ी मैराथन दौड़ों का आयोजन कराते रहते है। संस्था के डायरेक्टर डॉ. विनय तिवारी ने बताया कि हर साल ग्रेट छत्तीसगढ़ रन राज्य की एक विशेषता को थीम बनाकर आयोजित की जाती है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में मिलने वाले पक्षियों (चिड़ियों) को थीम के रूप में चिन्हांकित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मैराथन दौड़ से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और छत्तीसगढ़ की जैवविविधता को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास का संदेश भी दिया जाएगा।

# शिक्षक दिवस शिक्षकों का सम्मान और शिक्षा का महत्व को जानने का अवसर है-अकबर

## कैबिनेट मंत्री ने शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षा दूत पुरूस्कार और ज्ञानदीप पुरूस्कार से किया सम्मानित

**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने कवर्धा के पीजी कालेज अडॉटेरियम में शिक्षा प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में शामिल हुए। सम्मान समारोह का शुभारंभ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्व्वलन, माल्यार्पण तथा राजकीय गीत अरपा, पैरी के धार की स्तुति के साथ हुआ। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षादूत पुरूस्कार और ज्ञानदीप पुरूस्कार से जिले एवं राज्यभर से आए 268 उत्कृष्ट शिक्षकों, सेवानिवृत्त



शिक्षको को सम्मानित किया। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक 51, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के अंतगर्त शिक्षा दूत 12, ज्ञानदीप से 3, राज्यभर से आए उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिका 200 शामिल है। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने सभी शिक्षकों को बधाई और शुभाकामनाएं दी। इस अवसर पर एससीआरटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर विद्यावती चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवाराम साहू, श्री राधेलाल भास्कर, पार्षद श्री मोहित महेश्वरी, श्री राजकुमार तिवारी, श्री विरेन्द्र जांगड़े, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम के गुप्ता, सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि कहा कि भारत मे शिक्षकों, गुरुजनों का विशेष सम्मान देने के लिए सर्वपल्ली श्री राधाकृष्णन का जन्मदिन (5 सितंबर) को पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 5 सितम्बर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। पहली बार शिक्षक दिवस 1962 में मनाया गया था। सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस महान राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी दुनिया एक विद्यालय है जहां से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। जीवन में शिक्षक हमें केवल पढ़ाते ही नहीं है बल्कि हमें जीवन के अनुभवों से गुजरने के दौरान अच्छे-बुरे के बीच फर्क करना भी सिखाते हैं।

मंत्री श्री अकबर ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चे किसी भी कार्य को करने में सक्षम होते है। शिक्षक बच्चों के गुरू के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करता है। शिक्षक से ही सफल होने का मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने शिक्षको को भविष्य में लगातर अच्छे कार्य करने प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विकासखंड के प्राथमिक स्तर पर अध्यापन कराने वाले तीन उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शिक्षादूत पुरूस्कार और पूर्व माध्यमिक स्तर पर अध्यापन कराने वाले तीन उत्कृष्ट शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरूस्कार के लिए चयन किया गया है। मंत्री श्री अकबर ने शिक्षादूत पुरूस्कार और ज्ञानदीप पुरूस्कार वर्ष 23 के लिए शिक्षकों को धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# कलेक्टर जिले की शिक्षा व्यवस्था की लगातार कर रहे मॉनिटरिंग

- **कलेक्टर ने संपर्क डिवाइस के माध्यम से पढ़ाई की गुणवत्ता परखी**
- **संपर्क डिवाइस से बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल के शिक्षकों से जानी प्रतिक्रिया**

**राजनांदगांव।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने शासकीय स्कूलों में संपर्क डिवाइस के माध्यम से कराई जा रही पढ़ाई की गुणवत्ता एवं पढ़ाई के प्रति बच्चों के रूझान को परखने आज कलेक्टोरेट के चिप्स कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिले के प्राथमिक शाला स्कूल के शिक्षकों से बात की। शिक्षकों ने बताया कि संपर्क डिवाइस के पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर सर्टिफिकेट ऑफ मास्ट्री मिलेता है, जिसे डाउनलोड किया गया है। शिक्षकों ने बताया कि संपर्क डिवाइस से बड़ी रूचि के साथ बच्चे सीख पा रहे हैं और आसानी से पढ़ाई कर पा रहे है। संपर्क डिवाइस में वीडियो के माध्यम से बच्चों को रूचिकर तरीके से फलों के नाम, स्पोटर्स, स्टोरी, गणित जैसी गतिविधियां पाठ्यक्रम के आधार पर सिखाई जा रही है। शिक्षकों ने बताया कि स्कूल में सीखने के बाद घर में भी




बच्चों द्वारा बताया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह जिले में शिक्षा व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने शासकीय प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों से संपर्क डिवाइस के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को भी संपर्क डिवाइस की जानकारी देने कहा। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षक श्री अनिल कुमार कन्नौजे, कविता मंडावी, सपना भारद्वाज, श्री धर्मेन्द्र साहू से वीडियो काफ्रेंसिंग के माध्यम से बात की। संपर्क डिवाइस का जिले में शिक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है और बच्चे अब सीखने में अधिक रूचि रखते हैं, क्योंकि शिक्षा उनके लिए अधिक दिलचस्प हो गई है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री डोमन सिंह की पहल पर जिले में नवाचार करते हुए स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई प्रारंभ की गई है। भारत शासन द्वारा इस पहल की सराहना की गई है। कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा के रूपान्तरण का सामुदायिक मॉडल सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण उद्देश्य शिक्षा विभाग, शिक्षकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से प्राथमिक स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिले के सभी शासकीय स्कूलों में स्मार्ट टीवी जनभागीदारी सहयोग से लगाई गई है। संपर्क डिवाइस के माध्यम से बच्चे आसानी से सीख रहे हैं।

# झारखंड की मनरेगा टीम ने किया फूडलैब और सी-मार्ट का निरीक्षण

## स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद और पैकेजिंग की ली जानकारी, कार्यों को सराहा, ली हर्बल-टी की चुस्की

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंची झारखंड मनरेगा की टीम ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत कई उल्लेखनीय कार्यों का अवलोकन किया। इसके साथ ही जशपुर स्थित फूड लैब और सी-मार्ट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद और पैकेजिंग की जानकारी ली। मौके पर कलेक्टर डॉ रवि मित्तल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्टर ने अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सी-मार्ट और फूड लैब की सुविधा उपलब्ध करा रही है, ताकि सभी महिलाओं के हाथों में रोजगार हो। फूड लैब में रागी बिस्किट, अदरक इलाइची वाली चाय पत्ती, ग्रीन टी, काली चायपत्ती, गुलाब मसाला चायपत्ती, केसर मसाला चायपत्ती और चावल, आचार दाल, काजू सहित अन्य सामग्री की पैकिंग की जाती है और सी मार्ट के माध्यम से आम लोगों को विक्रय किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले की लगभग 10 हजार से अधिक महिलाएं आजीविका मिशन से जुड़े हैं। समूह की महिलाएं अब तक 2 करोड़ रु. से आधिक के समान का विक्रय कर चुके हैं।

झारखंड के श्री चंद्रशेखर, सेक्रेटरी रूरल डेवलपमेंट डिपार्मेंट, श्रीमती राजेश्वरी बी कमिश्नर मनरेगा, श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी पीसीएफ अनुसंधान फॉरेस्ट डिपार्मेंट, श्री निहार रंजन महाराणा स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर, श्री राजीव रंजन एसपीओ मनरेगा, श्री प्रेम शंकर ए ई मनरेगा की टीम ने फूड लैब और सी-मार्ट का अवलोकन कर कई सामग्रियों की खरीदारी की और यहां किए जा रहे कार्यों को सराहा। साथ ही सभी अधिकारीयों ने मिलेट्स, टाऊ से बने बिस्किट का स्वाद लिया और हर्बल-टी की भी चुस्की ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, डीएफओ श्री जितेंद्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



## सम्भागआयुक्त पाठक ने कार्यभार संभाला

**दुर्ग।** दुर्ग सम्भाग के नव पदस्थ सम्भागआयुक्त श्री जे.पी.पाठक ने आज कमिश्नर कार्यालय दुर्ग में कार्य भार ग्रहण किया। श्री पाठक दुर्ग सम्भाग के दसवें सम्भागआयुक्त होंगे। भारतीय प्रशासनीक सेवा के वर्ष 2007 बैच के अधिकारी श्री जे.पी. पाठक जांजगीर-चांपा और बलौदाबाजार जिला के कलेक्टर रह चुके है। वे राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण, आबकारी एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के सचिव पद को सुशोभित कर चुके हैं। सम्भागआयुक्त श्री पाठक के दुर्ग पहुंचने पर उपायुक्त (राजस्व) श्री अवध राम टंडन और उपायुक्त (विकास) श्री अजय मिश्रा तथा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्भागआयुक्त का आत्मियता पूर्वक स्वागत किये। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सम्भागआयुक्त श्री पाठक ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। और कर्मचारियों से कार्यों के संबंध में उनसे चर्चा की।



## कलेक्टर से मिलने मितानिनों की प्रबल इच्छा,डॉ. सिद्दीकी ने मुलाकात की

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी से जनदर्शन में जिले के मितानिनों ने बड़ी संख्या में आकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए घोषणा के अनुरूप प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह 2200 रूपए वेतन के साथ भुगतान करने के लिए मांग रखी। बहुत से मितानिनों के कलेक्टर से मिलने की प्रबल इच्छा जाहिर कि तब कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभाकक्ष से बाहर आकर मितानिनों के साथ आकर उनसे मुलाकात की और उनके साथ फोटो खिचवाई।

## हजरत बाबा सैय्यद अब्दुर्रहमान शाह काबुली रहमततुल्लाह अलैह की दरगाह पर मुख्यमंत्री ने चढ़ाई चादर

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोसरिया यादव महासभा द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के पूर्व दुर्ग के पुराना बस स्टैण्ड में हजरत बाबा सैय्यद अब्दुर्रहमान शाह काबुली रहमततुल्लाह अलैह की दरगाह पर चादर चढ़ाई और मथ्था टेककर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष श्री आर.एन. वर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र साहू, श्री रउफ कुरैशी, मोहम्मद असलम, अजहर जमील सहित दरगाह के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# तृतीय लिंग समुदाय और दिव्यांगजनों की शहर में निकली रैली

### शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान नारों से गूंज उठा शहर

### कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी, रैली की अगुवाई कर मतदान के लिए किया प्रोत्साहित



**बिलासपुर।** लोकतंत्र के पर्व चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने शहर में आज दिव्यांगजनों और तृतीय लिंग समुदाय के नागरिकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं रैली में भाग लिया और सभी का हौसला बढ़ाया। शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान नारों से पूरा शहर गूंज उठा। इस मतदाता जागरूकता रैली की अनुगूंज निश्चित तौर पर दूर तलक जाएगी। यह रैली जिला कार्यालय से शुरू होकर शासकीय देवकीनंदन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में समाप्त हुई। इस रैली में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री अजय अग्रवाल, दिव्यांग आइकॉन लोक कलाकार श्री लीलाधर भांगे, तृतीय लिंग वर्ग के अध्यक्ष श्री विजय अरोड़ा, बड़ी संख्या में दिव्यांगों और तृतीय लिंग समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया।

रैली के पश्चात् आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि हम अपने अधिकारों के प्रति तो सजग रहते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं रहते हैं। मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है। पांच सालों में यह दुर्लभ अवसर हमें मिलता है। उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील करते हुए अपने आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करने कहा। जिले में मतदान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थाएं यह सुनिश्चित करें कि जो भी विद्यार्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वो मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। साथ ही जिले के आदर्श आइकॉन, सामाजिक संगठन एवं तृतीय लिंग समुदाय भी इस कार्य में अपनी अधिक से अधिक सहभागिता निभाएं। आज मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अंतिम दिन है। आप सभी लोगों के प्रयासों से हम अवश्य शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। कलेक्टर ने सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री अजय अग्रवाल ने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वीप के तहत शत-प्रतिशत मतदान-बिलासपुर का अभिमान के लिए निकाली गई रैली में भाग लेने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों और समाज कल्याण विभाग के कला पथक दल ने मतदाता जागरूकता गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन आरजे सुश्री फिजा और संस्कृति ने किया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी श्री ओम पांडेय, समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# जी-20 में आयीं फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं की ओर से मिलेट का उपहार

### फर्स्ट लेडी ने बस्तर की महिला किसानों के मिलेट से बने लड्डू का लिया स्वाद

**नई दिल्ली।** बस्तर का मिलेट विशेषकर रागी से बने लड्डू जी-20 में आये राष्ट्राध्यक्षों और उनकी पत्नी को काफ़ी भाया। अवसर था जी-20 देशों में भाग लेने वाले प्रमुखों की प्रथम महिलाओं और जीवनसाथियों को 9 सितंबर को पूसा रोड पर आईएआरआई परिसर में एक कृषि प्रदर्शनी के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया।

बस्तर का मिलेटछत्तीसगढ़ के बस्तर से आयी महिलाओं ने मिलेट से बनने वाले पकवानों पर विशेष तैयारियां की थी। बस्तर ज़िले के बास्तानर ब्लॉक से आयी संगीता कश्यप ने बताया कि उन्होंने मिलेट के लड्डू, रागी कुकीज़, रागी चकली, कोदो-कुटकी आदि मिलेट से तैयार होने वाले पकवान बनाए थे। 'ऑस्ट्रेलिया की फ़र्स्ट लेडी को उन्होंने मिलेट से बनाए पकवानों की टोकरी उपहार में दी। 'फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं ने बस्तर आने का निमंत्रण भी दिया। महिलाओं के साथ आयी 'छत्तीसगढ़ कृषि विभाग की नोडल अधिकारी रुक्मणी कोट्टम ने बताया कि पूसा में छत्तीसगढ़ कृषि




### महिलाओं ने बस्तर आने का दिया निमंत्रण

विभाग द्वारा स्टाल भी लगाया गया था'। विभाग की ओर से स्टाल में बांस से बने उत्पाद जैसे सूपा, टुकनी, टोकरी, तुमा, छतरी के साथ-साथ मिलेट से बने उत्पाद भी रखें। जो कि यहाँ आने वाले आगंतुकों को काफ़ी पसंद आए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की ढोकराकला और नैचुरल डाई से बने कोसा के स्टॉल भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र थे।

कांकेर के दुर्गकोन्दल ब्लॉक के गोटुल मुंडा गाँव के महिला समूह की निर्मला भास्कर ने बताया कि उन्होंने न्यूज़ीलैंड की फ़र्स्ट लेडी को मिलेट का बास्केट उपहार में दिया। इस बास्केट में छत्तीसगढ़ की महिला समूह द्वारा तैयार मिलेट उत्पाद थे। फ़र्स्ट लेडी ने उनके साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने घर ले जायेंगी और अपने परिवार के साथ शेयर करेंगी। निर्मला भास्कर ने कहा कि यह यादगार पल था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# प्रजातंत्र में सभी समाज को अवसर मिलना चाहिए: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री बघेल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा में शामिल हुए

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जिला मुख्यालय दुर्ग के पुराना बस स्टैंड में कोसरिया यादव महासभा द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक श्री अरुण वोरा और श्री देवेन्द्र यादव, महापौर दुर्ग श्री धीरज बाकलीवाल, महापौर भिलाई श्री नीरज पाल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष श्री आर.एन. वर्मा और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र साहू भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि यादव समाज भगवान कृष्ण को मानने वाला समाज है। भगवान कृष्ण के विभन्न रूपों में हम दर्शन करते है। आज भगवान कृष्ण के जन्मदिवस के अवसर पर समाज जन्मोत्सव मना रहा है। सरकार में समाज के प्रतिनिधित्व के संबंध में अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रजातंत्र में सभी समाज को अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए योजना बनाई है। छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है। आज यहां के किसान खुश है। प्रदेश में कृषि के साथ व्यापार और उद्योग सभी चल रहे है। प्रदेश में धान के साथ दुग्ध उत्पादन भी बढ़ा है। कोई समाज ऐसा नही जिसको सरकार जमीन नही दिया हो। सभी समाज को जमीन उपलब्ध कराया गया है। साथ ही समाज के मांग के अनुसार भवन बनाने राशि भी दे रहे है। मुख्यमंत्री जी ने समाज के मांग का जिक्र करते हुए कहा कि यादव समाज जमीन के लिए कलेक्ट्रेट में आवेदन प्रस्तुत कर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार जमीन की व्यवस्था करा लें। जमीन मिलने पर भवन के लिए सरकार राशि उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के साथ यहां लोगों के लिए रोजगार का प्रबंध करा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शोभा यात्रा में शामिल लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी



सारंगढ़ बिलाईगढ़-कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से सोनबला के ग्रामीणों ने मुलाकात की

# ग्रामीणों ने कर्नाटक में बंधक से मुक्त कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी से जिला पंचायत रायगढ़ की सदस्य श्रीमती विलास सारथी के नेतृत्व में बरमकेला विकासखंड के ग्राम सोनबला के ग्रामीणों ने सौजन्य मुलाकात की। ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी को कर्नाटक के किसी संस्थान से वापसी के लिए आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम सोनबला के किसी व्यक्ति के माध्यम से कर्नाटक के किसी संस्थान में मजदूरी के लिए करीब 27 लोग गए थे, वहां के संस्थान द्वारा ग्रामीणों को बंधक बनाकर 24 घंटे मजदूरी कराने के लिए दबाव डाला जाता था। यह श्रम कानून के विरूद्ध कार्य था। जिला पंचायत रायगढ़ की सदस्य श्रीमती विलास सारथी ने विगत दिनों 27 लोगों को मुक्त कराने के लिए कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से मुलाकात की थी।

# कलेक्टर चौधरी ने वृद्धजनों से मिलकर जाना उनका हालचाल



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने देव सेवा समिति वृद्धाश्रम खोखरा का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से मुलाकात की तथा आश्रम की व्यवस्था के बारे में उनसे चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि वृद्धावस्था में व्यायाम, योग जैसी गतिविधियां करना बहुत आवश्यक है। इससे वृद्धावस्था में शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने वृद्धजनों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने वृद्धजनों को फल का वितरण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वृद्धाश्रम की क्षमता, खानपान की व्यवस्था, रूम की सफाई व्यवस्था और उनके मनोरंजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनो के खान-पान से लेकर प्रतिदिन की दिनचर्या और व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आश्रम को आबंटित जमीन के बारे जानकारी ली एवं समय समय पर वृद्धजनों को भ्रमण पर ले जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप संचालक समाज कल्याण श्री टी पी भावे, देव सेवा समिति वृद्धाश्रम के सचिव श्री देव बर्मन एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बिलाईगढ़ क्षेत्र के 12 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** उप निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश कुमार भारद्वाज ने विधानसभा 43-बिलाईगढ़ के लगभग 12 मतदान केन्द्रों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में रैंप, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, मतदान भवन आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जांच की। श्री भारद्वाज ने सभी मतदान केन्द्रों से संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को कहा कि निर्वाचन की बुनियादी सभी कार्य जिसमें चाहे वो रैंप, विद्युत, शौचालय मतदान भवन हो, सभी का हमेशा सुदृढ़ व्यवस्था रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने बीएलओ और अन्य सहयोगी कर्मचारियों को कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की जानकारी की जरूरत होती है तो वे अपने उच्च अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी या जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ से संपर्क कर सकते हैं। कार्यालय से आपके समस्या का समाधान किया जाएगा।

# स्वादिष्ट चटपटे स्वाद की खुशबू बिखेर रहा तिलई का रीपा

## गीतांजलि एवं आशीर्वाद समिति ने थामा बेसन, बूंदी मिक्कर, आलू, केला चिप्स बनाने का कार्य,

**जांजगीर चांपा।** तिलई के रीपा गौठान में बनाए जा रहे स्वादिष्ट चटपटे, खुशबू बिखेरते नमकीन व्यंजनों के स्वाद की हर तरफ तारीफ हो रही है। इस तारीफ के बलबूते कड़ी मेहनत करते हुए गीताजंलि समिति, आशीर्वाद समिति से जुड़े सदस्य अपने काम को बखूबी अंजाम दे रहे हैं, और जिले में अपनी छाप छोड रहे हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के माध्यम से महिलाएं, युवाओं के साथ ग्रामीणों को रोजगार के साथ स्वरोजगार को जोड़ते हुए आगे बढ़ा रही है।

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क यानी रीपा योजना, जिसे ग्राम पंचायत तिलई के आदर्श गौठान में शुरू किया गया। इस योजना के शुरू होने के बाद जब तिलई में बेसन, बूंदी निर्माण इकाई, आलू चिप्स, केला चिप्स निर्माण इकाई की स्थापना की गई तो इसमें गांव की गीतांजलि समिति एवं आशीर्वाद समिति ने जुड़ना पसंद किया। समिति सदस्यों का काम के प्रति ऐसा लगाव है कि जब तक कार्य खत्म नहीं कर लेते तब तक घर नहीं जाते, इस कार्य में वह पूरे मन से लगे हुये हैं और सफल उद्यमी बनने की राह पर अग्रसर है। गीतांजलि समिति की अध्यक्ष श्रीमती रूपा कुर्रे एवं सचिव श्रीमती ज्योति कटारे बताती है कि योजना के द्वारा समिति को रीपा के माध्यम से वर्कशेड एवं अलग-अलग प्रकार की मशीनरी जैसे फरसान मशीन, फ्राइंग मशीन, पैकेजिंग मशीन, ड्रायर मशीन आदि उपलब्ध कराया गया। तो वहीं आशीर्वाद समिति अध्यक्ष श्रीमती फुलेश्वरी कौशिक बताती हैं वर्किंग शेड के साथ ही कटिंग मशीन, फ्राइंग मशीन, पैकेजिंग मशीन, ड्रायर मशीन, मिक्सर मशीन मिली।

# विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में अवैध शराब परिवहन एवं नगदी राशि की कार्रवाई जारी

**पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1225 लीटर अवैध शराब एवं 14 लाख 80 हजार रूपए की नगदी की गई जप्त**



**राजनांदगांव।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में अवैध शराब परिवहन एवं नगदी राशि की जप्ती की कार्रवाई लगातार की जा रही है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत अंतर्राज्यीय सीमा पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अवैध शराब परिवहन, मादक पदार्थों एवं नगदी को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1225 लीटर शराब जप्त की गई है तथा 14 लाख 80 हजार रूपए की नगदी जप्त की गई है। जिले में 25 अगस्त से 11 सितम्बर 2023 तक 136 केस में लगातार कार्रवाई करते हुए शराब, नगद राशि, मोटर साइकल एवं वाहन जप्त किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम पाटिल ने बताया कि पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस विभाग द्वारा कल्लूबंजारी चेकपोस्ट में 86 लीटर शराब तथा आबकारी विभाग द्वारा पाटेकोहरा चेकपोस्ट में 18 लीटर एवं बोरतलाव चेकपोस्ट में 4 लीटर शराब जप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देश पर अवैध शराब परिहवन एवं नगदी को रोकने के लिए जिले में चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। जिले के चेक पोस्ट में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में शराब जप्त की गई है।



# खराब हो चुके सड़कों का मरम्मत करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने अधिकारियें की बैठक लेकर समय-सीमा में निराकरण पत्रों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जनचौपाल में प्राप्त सभी आवेदनों को अविलंब निराकृत करने के लिए निर्देशित किया। निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देष दिये गये। खराब हो चुके सड़कों का मरम्मत करने के लिए अधिकारियों को निर्देषित करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाष्त नहीं की जायेगी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी में लगे श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन सुनिष्चित करने के लिए भी श्रम पदाधिकारी एवं सभी जनपद सीईओ को निर्देषित किया गया है।

कलेक्टर डॉ. शुक्ला द्वारा पेसा कानून का स्थानीय भाषा, बोली में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिये गये हैं तथा प्रशिक्षण का कार्य 23 सितम्बर तक पूरा करने कहा गया है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से लाभान्वित होने वाले गायता, पुजारी सहित अन्य हितग्राहियों को भुगतान का चेक करने तथा स्वीकृत सभी प्रधानमंत्री आवास और सामाजिक भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। सरोना तहसील में फसल सर्वेक्षण कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा से कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिये गये। जिले के सभी आश्रम-छात्रावासों का निरीक्षण करने एवं बच्चों से चर्चा करने और उनके स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। गोधन न्याय योजनांतर्गत गौठानों में गोबर की खरीदी और उससे वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण तथा उसके विक्रय की समीक्षा भी गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। शहरी क्षेत्रों में उचित मूल्य दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भवनों के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन करने के लिए अधिकारियों को निर्देषित किया गया।

विधानसभा निर्वाचन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों को उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए आवष्यक दिषा-निर्देष देते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पांच-पांच मॉडल मतदान केन्द्र बनाये जाये। स्वीप गतिविधियों के लिए कैलेण्डर बनाने तथा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देषित किया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस. उईके, डीएफओ पूर्व एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडल जाधव श्रीकृष्ण तथा शशि गानंदन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी मौजूद थे।

# रायगढ़ के होनहारों ने बढ़ाया जिले का मान, कलेक्टर ने किया सम्मान,परिजनों को किया सम्मानित

**पीएससी टॉपर्स सारिका मित्तल, तुषार मानिक और अल्फिना खान ने कलेक्टर सिन्हा से की भेंट**



**रायगढ़।** पीएससी 2023 के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। इस बार पीएससी की टॉपर रायगढ़ से है। इसके साथ ही दूसरे अभ्यर्थियों ने भी पीएससी में अच्छी रैंक लाकर शासकीय सेवा के लिए चयनित हुए हैं। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और सफल शासकीय सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।

शहर की बेटी सारिका मित्तल ने पीएससी में फर्स्ट रैंक लाकर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने उनके साथ उनके माता-पिता श्री अशोक मित्तल और श्रीमती राधा मित्तल को भी सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार शहर के श्री तुषार मानिक जिन्होंने 141 रैंक हासिल किया है और नायब तहसीलदार का पद प्राप्त किया है। वे अपने माता-पिता श्री एस.डी.मानिक और श्रीमती शांति मानिक के साथ पहुंचे थे। वहीं 430 वां रैंक लाकर अधीनस्थ लेखा सेवा के लिए चयनित हुई अल्फिना खान अपनी माता जी रुखसाना खान के साथ पहुंची थी। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी चयनित युवाओं और उनके पालकों को उनकी इस गर्वीली सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर सभी सफल अभ्यर्थियों से उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं तैयारी के संबंध में जानकारी ली। सारिका मित्तल ने बताया कि उन्होंने दिल्ली से ग्रेजुएशन किया है। वहां रहकर वे यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। यह सीजीपीएससी में पहला अटेम्पट था और अपने पहले ही प्रयास में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन होना एक सुखद अनुभूति है। उन्होंने बताया कि वे आगे अपनी यूपीएससी की तैयारी जारी रखेंगी। नायब तहसीलदार के पद पर चयनित श्री तुषार मानिक ने कहा कि पहली बार उन्होंने मेन्स और इंटरव्यू दिया है जिसमें उन्हें सफलता मिली और वे शासकीय सेवा के लिए सलेक्ट हुए। उन्होंने भी आगे तैयारी जारी रखने की बात कही। 430 वां रैंक लाने वाली अल्फिना खान ने बताया कि उन्होंने बिलासपुर से कोचिंग लेकर तैयारी की है। इसके बाद वे घर पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। उन्होंने कहा कि आगे वे पुन॰ परीक्षा में शामिल होकर उच्च पद पर चयनित होने का प्रयास करेंगी।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि किसी परीक्षार्थी के सफल होने में उनकी मेहनत के साथ-साथ पूरे परिवार का योगदान होता है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी को आगे सफल शासकीय सेवा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पत्रकार श्री नरेश शर्मा ने टॉपर सुश्री सारिका मित्तल को स्व.ममता शर्मा की स्मृति में चांदी का सिक्का भेंट किया।

# अवैध खनिज परिवहन पर लगातार होनी चाहिए ठोस कार्यवाही-कलेक्टर सिन्हा

**साप्ताहिक बाजारों में पसरा लगाने वालों से नहीं हो किसी प्रकार की अवैध वसूली, कलेक्टर ने सभी सीईओ जनपदों को दिए निर्देश**

**रायगढ़।** अवैध खनिज परिवहन पर लगातार कार्यवाही होनी चाहिए। विभागीय अमला पूरी सक्रियता से जांच अभियान चलाए और खनिज के अवैध परिवहन पर ठोस कार्यवाही करें। उक्त बातें कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इसके साथ ही परिवहन और पर्यावरण विभाग को भी खनिज विभाग के साथ संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को भी इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने धान खरीदी को लेकर विभागीय तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि समितियों और खरीदी केंद्रों में सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक में गिरदावरी कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शुद्ध व त्रुटिरहित गिरदावरी की जानी है। उन्होंने सभी एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में गिरदावरी कार्य के निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सितम्बर तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया जाना है। प्रत्येक गुरूवार को राजस्व अमले की मीटिंग में इस कार्य के प्रगति की अनिवार्य समीक्षा सभी तहसीलों में करने के निर्देश दिए।

डेंगू के मामलों से निपटने के लिए विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियों के बारे में भी कलेक्टर श्री सिन्हा ने जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रभावित इलाकों में विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

# हरी-भरी वादियों के बीच प्राकृतिक खूबसूरती को समेटा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में 'युवोदय वन मितान' कार्यशाला संपन्न






**जगदलपुर।** हरी-भरी वादियों के बीच प्राकृतिक खूबसूरती को समेटे बस्तर के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की एक अलग ही पहचान है। आज 09 सितम्बर को वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के दिशा-निर्देश तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में कोटमसर ग्राम में प्रकृति संरक्षण संबंधी एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस तारतम्य में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) श्री सुधीर अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा इसके 15 गुफाओं पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन हुआ है।

कार्यशाला का आयोजन कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन, यूनिसेफ, एफईएस और छत्तीसगढ़ एग्रिकॉन समिति के सयुक्त तत्वाधान में 'युवोदय वन मितान' (जन मन बन) किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव श्री राकेश पाण्डेय, वनमंडलाधिकारी कांगेर घाटी श्री धम्मशील गणवीर, यूनिसेफ चीफ छत्तीसगढ़ श्री जॉब जकारिया, यूनिसेफ स्पेशलिस्ट श्री अभिषेक सिंह, सुश्री मंजीत कौर बल, वरिष्ठ पत्रकार श्री सतीश जैन, यूनिसेफ सलाहकार श्री चंदन कुमार, सचिव छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति श्री मानस बनर्जी आदि उपस्थित रहे।



यह कार्यक्रम, प्राकृतिक संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है और इसमें लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के तहत स्थानीय युवाओं को वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई और उन्हें वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय उद्यान से आस-पास के लगभग 250 ग्रामीण युवा, स्थानीय इको विकास समिति के सदस्य और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक श्री धम्मशील गणवीर ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बस्तर के युवा पीढ़ी को 'युवोदय वन मितान' तैयार किए जा रहा है, जिससे वे ग्रामीणों को प्रकृति और संस्कृति संरक्षण के प्रति जागरूक कर सकेंगे।

# रीपा में महिलाएं तैयार कर रही आकर्षक गणेश मूर्ति



**अंबिकापुर।** गणेश चतुर्थी त्योहार आ रहा है ऐसे में रीपा से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाएं सुंदर और आकर्षक गणेश भगवान की प्रतिमा बना रही है। पूरे देश में धूम धाम से गणेश चतुर्थी मनाया जाता है और 10 दिनों तक घरों और पंडालों में गणेश भगवान विराजमान होते हैं। त्योहार के अवसर पर बड़ी संख्या में गणेश भगवान मूर्ति की मांग बनी रहती है अम्बिकापुर जिले के रीपा मेंड्राकला की गणेश की मूर्ति निर्माण उत्पादक समूह कर्मी और शक्ति ममूह की महिलाओं द्वारा गणेश प्रतिमा बना रही है। महिलाओं ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए गणेश प्रतिमा बनाने की मांग अच्छी खासी बनी हुई है। अब तक 7000 रूपए के मूर्ति का विक्रय भी कर चुके हैं। डिमांड इतनी ज्यादा है कि लोगों के द्वारा एडवांस में मूर्ति आर्डर दिया जा रहा है। स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने बताया कि शहरों में स्टॉल लगाकर गणेश मूर्ति का विक्रय किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन ने रीपा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उघोग से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर भी महिलाओं ने सुंदर और आकर्षक राखी बनाकर विक्रय किया जिससे उनको अच्छी आमदनी भी प्राप्त हुई।

# कलेक्टर ने लिया स्ट्रांग रूम और मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने आज आईटी कॉलेज में निर्वाचन 2023 हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहाँ स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण सहित निर्वाचन के दौरान किये जाने वाले आवश्यक व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम की खिड़कियों को पैक करने, बेरिकेडिंग, सीसीटीवी, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था के संबंध में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन, काउंटिंग रूम, डिस्पैच सेक्शन के संबंध में भी निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, लोक निर्माण विभाग के ईई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन में जिले को मिला प्रथम रैंक

## राज्य स्तर पर हर 15 दिन में प्रदेश के सभी जिलों के आकलन के आधार पर दिया जाता है रैंक

**मोहला।** नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के आधार पर प्रदेश स्तर पर नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के प्रयासों और और संवेदनशीलता के परिणाम स्वरूप नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी विकास की पथ पर अग्रसर है। कलेक्टर श्री जयवर्धन बेहद गंभीरता से शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उनके निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले के अधिकारीगण योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने के साथ ही बेहतर प्रयासों के साथ क्रियान्वयन कर रहे हैं। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी गोधन न्याय योजना मे पिछले पखवाड़े 15 दिनों के आकलन के आधार पर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में गोधन न्याय योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर हर 15 दिनों में योजना के क्रियान्वयन के आधार पर जिलों की रैंकिंग किया जाता है। पिछले पखवाड़े के आधार पर जिले को प्रथम रैंक दिया गया है। प्रदेश स्तर पर जारी रैंक में जिले में स्वीकृत व निर्मित गौठानों में 100त्न अंक दिया गया है। इसी तरह सक्रिय गौठानों के आधार पर 100त्न अंक दिया गया है। गोमूत्र विक्रय में भी 100त्न अंक दिया गया है। स्वीकृत गौठानों में तीन क्रियाकलापों के क्रियान्वयन में 87 प्रतिशत अंक दिया गया है। इसी प्रकार संयुक्त रूप से कंपोस्ट खाद और गोमूत्र विक्रय के आधार पर 91त्न अंक दिया गया है। इस तरह से ऑल ओवर रैंक में जिले को प्रथम स्थान दिया गया है।

कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने गौठानों के संचालन के लिए जुड़े हुए गौठन समिति, महिला समूहों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने गोधन न्याय योजना से जुड़े हुए विभागीय अधिकारियों को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आगे भी इसी तरह से गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन करते हुए जिले को अग्रणी बनाएं। उन्होंने कहा कि कंपोस्ट खाद का उपयोग किसान अधिक से अधिक कर रासायनिक खाद से खेतों और जमीनों को हो रहे नुकसान से बचाने में आगे आए। कलेक्टर ने कहा कि जैविक खेती से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि जैविक खेती से उत्पादित अनाज और सब्जियां स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी फायदेमंद होते हैं। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आगे भी सक्रियता पूर्वक कार्य करने के लिए योजना से जुड़े सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने किया स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष का अवलोकन




**कोरबा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर , 21-कोरबा, 22-कटघोरा तथा 23 पाली तानाखार के लिए ई. व्ही. एम. मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रॉग रूम, मतगणना रूम, तथा मतदान दल को सामग्री वितरण स्थल, मतदान दल से चुनाव उपरांत सामान की वापसी, तथा निर्वाचन पश्चात् पुन: ई व्ही एम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने हेतु चयनित आईटी कॉलेज झगरहा के ब्लॉक बी एवं ब्लॉक सी को आरक्षित किया गया है ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा सुश्री सीमा पात्रे द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु चिन्हांकित आईटी कॉलेज का आज प्रात: 11 बजे निरीक्षण कराया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रारंभिक तैयारी एवं चिन्हांकित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण और निर्धारित बिंदुओं को अवगत कराते हुये स्थल का परीक्षण कराया गया। उन्हें आई.टी. कॉलेज झगरहा के ब्लॉक सी का विधानसभावार 04 स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन, ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग उपरांत विधानसभावार पृथक स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों का संग्रहण स्थल से अवगत कराया गया। उन्हें ब्लॉक बी में मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा मतदान उपरांत सामग्री की वापसी स्थल का अवलोकन कराया गया। जिसमें विधानसभावार सामग्री वितरण हेतु पृथक-पृथक काउंटर रखे जाने की जानकारी देते हुए स्थल का अवलोकन कराया गया तथा मतदान उपरांत सामग्री उसी काउंटर से वापस जमा कराए जाने की जानकारी दी गई। मतदान उपरांत प्राप्त ईव्हीएम मशीनों को विधान सभावार पृथक-पृथक निर्मित स्ट्रांग रूम में मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु चयनित स्ट्रांग रूम, मतगणना हेतु विधानसभावार चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन कराया गया। अवलोकन के दौरान मतगणना अधिकारी कर्मचारी, तथा मतगणना हेतु नियुक्त एजेंटों के आने जाने का रास्ता का अवलोकन कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विधायक जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा विधानसभा से की दावेदारी, ब्लाक अध्यक्ष को दिया आवेदन



**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने टीपी नगर कोरबा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कोरबा विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षों संतोष राठौर, सनीष कुमार, राजेन्द्र तिवारी एवं दुष्यंत शर्मा को विधानसभा चुनाव हेतु कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने हेतु अपना आवेदन जमा कर पावती प्राप्त किया है।

इस मौके पर कोरबा विधानसभा क्षेत्र के अलावा रामपुर, पाली-तानाखार व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे। साथ ही अनेकों सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों की गरिमामयी उपस्थिति में जयसिंह अग्रवाल ने अपना आवेदन जमा किया। इस मौके पर जयसिंह अग्रवाल ने सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं सभी सामाजिक संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनके द्वारा क्षेत्र के विकास में किये गये विकास कार्यों को बताया। उन्होंने शिक्षा, चिकित्सा, पानी व सडक सहित सामाजिक भवनों पर किये गये प्रयास पर प्रकाश डाला।

## भाजपा के लखनलाल देवांगन कोरबा विधानसभा से लड़ेंगे चुनाव




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। 21 विधानसभा क्षेत्रों के लिए घोषित प्रत्याशियों की सूची में कोरबा की प्रतिष्ठित विधानसभा सीट से लखनलाल देवांगन प्रत्याशी होंगे।

कटघोरा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव लखन लाल देवांगन वर्तमान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। प्रत्याशी घोषित किए जाने के पश्चात लखनलाल देवांगन ने संगठन और शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ने एक सामान्य से कार्यकर्ता पर जो भरोसा जताया है, वे उसमें आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से खरे उतरेंगे। जनता ने हमेशा मुझ पर भरोसा जताया है। कोरबा की जनता बहुत ही सुलझी हुई है जो निस्संदेह बदलाव चाहती है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने मुझे पार्षद से लेकर महापौर और विधायक का चुनाव लडने का मौका दिया है। एक बार पुन: संगठन ने भरोसा जताया है। कोरबा विधानसभा से चुनाव लडना मेरे लिए रोचक होगा। श्री देवांगन ने कहा कि महापौर कार्यकाल में नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य कराए गए जिसे आज भी जनता ने याद रखा है। निस्संदेह जनता के प्रति निरंतर जुड़ाव और क्षेत्र के मतदाताओं और संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से कोरबा विधानसभा का यह चुनाव न सिर्फ ऐतिहासिक होगा बल्कि परिणाम भी बदलाव वाले होंगे।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी के सामने नाराज कांग्रेस जनों ने निकाली भड़ास

**कोरबा।** कोरबा प्रवास पर पहुंचीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा के समक्ष नाराज कांग्रेसजनों ने अपनी भड़ास जमकर निकाली। उनसे मिलने की कोशिश में लगे मरवाही के कांग्रेसियों को रोके जाने पर उन्होंने भी जमकर हंगामा व नारेबाजी किया। हंगामा और आक्रोश के बीच कोरबा व कटघोरा विधानसभा से टिकट की दावेदारी करने वाले लोगों ने अपने नाम बताते हुए दावेदारी रखी।

आसन्न विधानसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों तथा प्रत्याशियों के चयन पूर्व दावेदारी व रायशुमारी के सिलसिले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ठाकुर 18 अगस्त को कोरबा प्रवास पर रहीं। उन्होंने पंचवटी विश्रामगृह में कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को मुलाकात के लिए बुलाया था। चर्चा के दौरान कांग्रेस के बांकीमोंगरा ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने अपनी नाराजगी जाहिर की कि वह डेढ़ साल तक ब्लाक अध्यक्ष के पद पर रहा लेकिन उसे बिना कोई जानकारी व सूचना दिए हटा दिया



गया। अपने मन से दूसरे को यहां ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे प्रदीप अग्रवाल को बीच में रोकने-टोकने की कोशिश की गई लेकिन शैलजा ठाकुर ने ऐसा करने से संगठन अध्यक्ष को रोक दिया और प्रदीप अग्रवाल की पूरी बात सुनी।

इसी तरह कांग्रेस प्रभारी के साथ चर्चा और मुलाकात करने के लिए मरवाही विधानसभा से भी विधायक व पदाधिकारी पंचवटी आए थे लेकिन इन्हें सैलजा ठाकुर से मिलने नहीं दिया गया। मुलाकात के लिए जिनके नाम की सूची पहले से तैयार कर ली गई थी और वे पंचवटी पहुंचे भी थे लेकिन उन्हें भी भीतर जाने से रोका गया। इस तरह के रवैय्ये को लेकर मरवाही के कांग्रेसियों ने विरोध जताया। इस बात को लेकर दरवाजे के सामने मौजूद जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ मरवाही के कांग्रेसजनों की अच्छी खासी बहस हुई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। तमाम प्रयासों के बाद भी मरवाही विधानसभा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शैलजा ठाकुर से नहीं मिल सके।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने बायोमेट्रिक को लागू न करने का किया आग्रह

- केन्द्र सरकार ने धान उपार्जन के लिए अनिवार्य किया है बायोमेट्रिक सिस्टम
- राज्य की विषम भौगोलिक स्थिति के चलते किसानों को होने वाली परेशानी से कराया अवगत



रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की विषम भौगोलिक स्थिति के चलते सुदूर एवं दुर्गम अंचलों के किसानों को बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू होने से धान बेचने में होने वाली परेशानी को देखते हुए केन्द्र सरकार से बायोमेट्रिक सिस्टम को इस वर्ष लागू किए जाने का अनुरोध किया है। केन्द्र सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 से खाद्यान्न उपार्जन में बायोमेट्रिक सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है। इस सिस्टम को छत्तीसगढ़ राज्य के वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित रूप से लागू करने में होने वाली दिक्कत के चलते किसानों को समर्थन मूल्य पर धान और मक्का बेचने में परेशानी होगी।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य विभाग के सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा ने भारत सरकार के खाद्य सचिव को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ प्रदेश में बायोमेट्रिक आधारित खरीफ प्रणाली को लागू करने के कारण किसानों को होने वाली कठिनाईयों का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य के बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्र के दूरस्थ एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण इस इलाके के कई स्थानों पर इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा की कमी के चलते बायोमेट्रिक आधारित खाद्यान्न उपार्जन प्रणाली को लागू करने में दिक्कत होगी। खाद्य सचिव श्री वर्मा ने अपने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी के पूर्व किसानों का पंजीयन किया जाता है। पंजीयन में किसान का आधार नंबर भी होता है। किसानों की भूमि के रकबे का सत्यापन भी %भुईयां' सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। धान खरीदी के एवज में राशि का ऑनलाईन भुगतान किसानों के बैंक खातों में होता है। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह से पारदर्शी और देश में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने भारत सरकार को खाद्य सचिव से छत्तीसगढ़ राज्य की उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बायोमेट्रिक खरीदी सिस्टम को अनिवार्य न करने का अनुरोध किया है।

खाद्य सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा द्वारा 21 जुलाई 2023 को उक्त संबंध में भेजे गए पत्र के संबंध में केन्द्र सरकार से अब तक न तो सहमति मिली है न ही बायोमेट्रिक आधारित खरीदी सिस्टम में रियायत दिए जाने का भरोसा दिया गया है। धान खरीदी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा बायोमेट्रिक सिस्टम की अनिवार्यता का अन्य कोई विकल्प न होने के कारण छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में इस प्रणाली को लागू किए जाने की प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इस संबंध में सभी कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।



## अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन भाटापारा के द्वारा बालिका सुरक्षा को लेकर सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

**भाटापारा।** आज कल देखा जा रहा है कि महिला सम्बन्धी अपराधों में वृद्धि हुई है । जिसके लिए बालिकाओं व महिलाओं को आत्मसुरक्षा के लिए प्रशिक्षित होने की आवश्यकता है ताकि वे विपरीत परिस्थिति में अपनी सुरक्षा कर सके इन्ही उद्देस्यो के साथ भाठापारा में सन्चालित अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन सेड़ी के द्वारा वहां अध्य्यन रत बालिकाओं को कराते में ब्लैक बेल्ट किरण साहू व गोमती साहू टीम के द्वारा आत्मरक्षा के गुण सिखाया गया एव कहा गया कि इसके लिये सतत प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता है जो निश्चित ही भविष्य में काम आएगी। अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन सेडी के प्राचार्य मिथुन पॉलिवाल, प्रवीण साहू, कराटे प्रशिक्षक किरण साहू, गोमती साहू टीम सहित प्लेसमेंट ऑफिसर एवं स्टॉफ मौजूद रहे ।

## आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 5 लोगों के निकट परिजनों के लिए 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 11,12 सितम्बर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में खोरबाहरा पिता महेतरू, निवासी ग्राम सलौनी, तहसील पलारी,गजेन्द्र प्रसाद पाटिल पिता ओंकार पाटिल, निवासी ग्राम देवरी तहसील भाटापारा, फुलबाई पति स्व. विशाल पटेल निवासी ग्राम अमलकुण्डा, तहसील लवन, मीलूराम टंडन पिता हीरालाल टंडन, निवासी ग्राम डोटोपार, तहसील लवन एवं जितेन्द्र वर्मा पिता राजकुमार वर्मा, निवासी ग्राम पैंजनी तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश, कुंआ के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## फायर उपकरण व आपदा सामग्री हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर

**खैरागढ़।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई छत्तीसगढ़ की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से फायर वाहन फेब्रीकेशन, उपकरण एवं आपदा से संबंधित सामग्री कय हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमन्त्रित किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर 2023 है।

जिला राहत शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक फर्म, व्यक्ति से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर एक हजार (रू0 एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर निविदा संबंधित शर्तें तथा आवेदन फार्म व अन्य जानकारी राहत शाखा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई से प्राप्त कर सकते है।

आवेदन 13 अक्टूबर 2023 के दोपहर 2बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकता है। पूर्ण भरे हुए निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2023 अपरान्ह समय 3 बजे बजे तक निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए सूचना पटल अथवा प्रभारी, राहत शाखा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई से सम्पर्क कर सकते है।

## कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयास से 145 लाख रूपए के निर्माण कार्यों की मंजूरी



**कवर्धा।** कैबिनेट मंत्री व कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर के विशेष प्रयास से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा कवर्धा विधानसभा में 26 निर्माण कार्यों के लिए 145.00 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, रंगमंच व सांस्कृतिक भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा।

निर्माण कार्यों का प्रकार व ग्रामों की सूची इस प्रकार है सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रत्येक 6.50 लाख की लागत से - ग्राम दलपुरूवा, छांटा, समनापुर, लासाटोला, परसवारा, भीमपुरी, नेवासपुर प्लांट, पण्डरिया, रेंगाखारकला, जामुनपानी, बघर्रा, चौरा भोरमदेव, लालपुरकला, मिनमिनिया मैदान, गदहाभाठा। सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रत्येक 5.00 लाख की लागत से - ग्राम कोसमंदा, चारभाठाकला। आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य प्रत्येक 6.50 लाख की लागत से - ग्राम मुड़वाही, रामपुर, खारा। रंगमंच निर्माण कार्य प्रत्येक 2.00 लाख की लागत से - ग्राम राजाढार, राली, बेंदा, रेंगाखारखुर्द, छपरी। सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य प्रत्येक 2.00 लाख की लागत से - सामुदायिक भवन में आहाता निर्माण 6.50 लाख की लागत से - इरिमकसा। कांक्रीटीकरण कार्य 6.50 लाख की लागत से सोनपुरी रानी।

## आकांक्षी विकासखंड बोड़ला के लिए निर्धारित लक्ष्य पर त्वरित कार्यवाही करे-कलेक्टर

### समय सीमा की बैठक में आकांक्षी विकासखंड के लिए निर्धारित लक्ष्य की हुई समीक्षा

**कवर्धा।** कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बैठक में आकांक्षी विकासखंड बोड़ला में विभागों द्वारा कराएं जा रहे विभिन्न कार्यों एवं प्रयासो की समीक्षा की। ज्ञात हो की कबीरधाम ज़िले के बोड़ला विकासखंड को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी ज़िलों में रखा गया है जिसका क्रियान्वयन नीति आयोग भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य मिलकर कुल 39 बिंदुओं पर कार्य कर रहे हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पिछड़े विकासखंड को भारत सरकार एवं नीति आयोग द्वारा निर्धारित 39 अलग-अलग पैरामीटर पर राज्य के औसत स्तर से ऊपर लाना है। जिला योजना सांख्यिकी सहायक संचालक श्री विनोद अहिरवार ने आकांक्षी विकासखंड बोड़ला के लिए बनाएं गए कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आकांक्षी विकासखंड के कार्यों से जुड़े सभी नोडल डिपार्टमेंट के जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति कर इसकी ऑनलाइन एंट्री यथाशीघ्र किया जाए।

# पनका पनिका समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग








## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री छतीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

**रायपुर।** पनका पनिका समाज के लोगों ने अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए सोमवार 11 सितम्बर को पनिका जाति को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जन जाति में बहाल हेतु रायपुर जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री छतीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौपा।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवधर दास महन्त , के दिशा निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश मानिकपुरी के नेतृत्व में पनका पनिका जाति को अनुसूचित जन जाति के सम्बंध में बताया गया कि सन् 1971 के पूर्व अविभाजित मध्यप्रदेश में पूरे प्रदेश में पनका /पनिका जाति अनुसूचित जन जाति में अधिसूचित थी। 17 दिसम्बर 1971 में प्रकाशित अधिसूचना में इस जाति को केवल दत्तिया, टीकमगढ़, छत्तरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, सींधी तथा शहडोल जिलों के लिए ही अनुसूचित जन जाति घोषित की गयी।

मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 दिनांक 8 फरवरी 1985 में प्रकाशित, मध्यप्रदेश शासन, आदिमजाति हरिजन एवं पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, भोपाल दिनांक 26 दिसम्बर 1984 क. एफ- 8-5-पच्चीस-4-84 के अनुसार घोषित पिछड़ावर्ग की अनुसूची में कमांक 47 में पनका / पनिका (छतरपुर पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, सतना, रींवा, सीधी, शहडोल जिलों को छोडकर शेष मध्यप्रदेश के लिये शामिल रहा। आर. व्ही. रसेल लिखित दी ट्राइब्स एण्ड कास्ट ऑफ दी सेंट्रल प्राविसेंस ऑफ इंडिया, भाग-चार पनिका खण्ड विलियम कुक्स लिखित दी ट्राइब्स एण्ड कास्ट ऑफ दी नार्थ वेस्टर्न इंडिया, खण्ड-चार तथा डॉ. डी. एन. मजूमदार कृत दी रेसेज एण्ड कल्चर ऑफ इंडिया में दर्शित नजरी नक्शा तथा दी ट्राइवल मेप ऑफ इंडिया में पनिका जाति आदिम जाति के रूप में वर्णित उल्लेखित है। नागपुर 31 मई 1949 संख्या 3662-777-12 मध्य प्रांत एवं बरार में सम्मिलित रियासतों में भू-अधिकार आदेश एवं नियम (सन् 1949 में प्रकाशित ) में क्रमांक 87 में यह जाति (पंका) आदिम जाति के रूप में मान्य रही है। 5 छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने वर्ष 2006 में अपने प्रतिवेदन मय पत्र क्रमांक 2115 / अनुजजाआ/ 2005-06 दिनांक 30/03/2006 पिछड़े वर्ग में शामिल पनिका जाति को अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) वर्ग में शामिल करने की सिफारिश की। आयोग ने सिफारिश के साथ एक रपट भी संलग्न किया था, जिसमें पनिका जाति को अजजा वर्ग के होने के संबंध में तथ्य दिये गये हैं।

आयोग ने प्रदेश के सभी जिलों में निवासरत इस जाति के लोगों पर विस्तृत अध्ययन किया। जिस पर यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि सिंधु घाटी सभ्यता के साथ इस जाति का जन्म मिश्रित जाति एवं सभ्यता के लोगों के साथ हुआ है। पनिका जाति द्रविड़ श्रेणियों में जुलाही, पाका, पनका, पनवार, चिक, चिकबड़ाई, महतो,



सबासी, आदि उपजातियों के नाम से जाना जाता है। इस जाति के रीति-रिवाज, शादी-ब्याह, रहन-सहन अन्य अनुसूचित जातियों के समान है। आयोग द्वारा किये गये शोध में भौतिक एवं सांस्कृतिक आधार पर ग्रामों व घरों की सजावट, घर की साफ-सफाई, स्वच्छता, आभूषण, श्रृंगार, गोदना, वस्त्र विन्यास, भोजन, घरेलू उपकरण, कृषि उपकरण, व्यसन, आर्थिक जीवन, कृषि का ढंग, पशुपालन, नौकरी, सामाजिक जीवन, वर्गभेद, गोत्र, नातेदारी, परिवार, पारिवारिक संबंध, अंर्तजातीय संबंध, जीवन चक, जन्म संस्कार, विवाह संस्कार, मृत्यु संस्कार, धार्मिक जीवन, त्यौहार, देवी-देवता, भौतिक एवं सामाजिक पहलुओं के गहन अध्ययन उपरांत आयोग ने यह निष्कर्ष दिया है कि पनिका जाति में आदिवासी होने के समस्त लक्षण विद्यमान है।

अविभाजित मध्यप्रदेश में तात्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को विभिन्न दलों के 56 विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन 2 दिसम्बर 1993 को सौंपा गया था, जिसमें 8 दिसम्बर 1971 के पूर्ववत् पनिका जाति के अनुसूचित जनजातित्व बहाली की मांग की गई थी। इसके अतिरिक्त इस संबंध में राज्य एवं केन्द्रीय शासन को लगातार पत्राचार किया जाता रहा है।

वहीं पनिका जाति को छ ग राज्य में पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में शामिल कर दिया गया

समाज की मांग यह है कि पूर्व की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के सम्पूर्ण जिलो में पनका पनिका जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जावे। विगत 52 वर्षों से पनिका पनका समाज अपनी अधिकार से विमुख एक सूत्रीय मांगों को लेकर आज पर्यंत तक संघर्ष करते आ रहे । इसी मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश में पनिका पनका जाति राज्य सरकार केंद्र सरकार को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपने पहुचे वहीं सरगुजा सम्भाग के वरिष्ठ समाज सेवक वंसधारी सावरा ने कहा की सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पूरे भारत वर्ष इस अभियान को चलाया जा रहा है, किंतु हमारे समाज के बेटियों के ऊपर अन्याय कर रहे है। हमारे बच्चों की भविष्य खराब हो रहे हैं जिसकी जिम्मेदार केंद्र सरकार व राज्य सरकार हैं शासन प्रशासन की अनदेखी नजर हमारे समाज को गर्त में ले जा रहा है।

प्रदेश में एक जुट होकर छ ग के तमाम जिले में ज्ञापन सौंपा गया आपको बता दे पनिका समाज की यह मांग 52 वर्षो से जारी है पर आज पर्यंत तक पनिका पनका जाति को लेकर सत्ता धारी व विपक्ष की सरकार आज तक सुध नही लिए आपको बता दे कि छ ग प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के महासचिव प्रकाश दास ने कहा कि अगर सरकार हमारी लंबित मांग को लेकर अनुसूचित जन जाति पुनः बहाल नही करते है तो आने वाले 2024 कि चुनाव का बहिष्कार करेंगे। पनिका पनका समाज एक सुर में अपने अधिकार के लिए उग्र आंदोलन भी कर सकते इस दौरान हजारों सैकड़ो की संख्या में समाजिक जन ज्ञापन देने पहुँचे।

छ ग प्रदेश के सभी जिलों से भव्य रैली प्रदर्शन करते पनिका पनका जाति के पदाधिकारियों सहित प्रदेश के सामाजिक जन उपस्थित थे ।

# महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध को लेकर भाजपा नेताओं ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों, गैंगरेप की बढ़ती घटनाओं को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात किया और इस ओर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने राज्यपाल से कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। राज्य में बढ़ते अपराध, हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाओं से आम जनता दहशत में है। ऐसा लग रहा जैसे राज्य में अपराधियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। अपराधी जब चाहें, जहां चाहें कहीं भी महिलाओं और युवतियों के साथ बेधड़क अपराधिक वारदात को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। अपराधियों का पुलिस की गिरफ्त से बाहर होना, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होना छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार और पुलिस प्रशासन की मंशा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में अरुण साव के अलावा छग भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद सरोज पांडेय, रायपुर सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहिले के अलावा अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक- गुलाब दास दीवान, द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. (छ.ग.) भवन, प्रेस काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ग्राम-पोस्ट-पवनी, तहसील-बिलाईगढ़, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), 493338 से प्रकाशित। RNI NO. CHHHIN/2022/83778 सम्पादक- गुलाब दास दीवान, मो. 9294743139